RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

(हम भीड़ मे दौड़ना नहीं जीतना सिखाते हैं)
कोड 0910011910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर-22, नोएडा 8750611103
*फीस ना के बराबर *नि:शुल्क एडमिशन फीस
केवल 10 महीने की मासिक फीस

वर्ष : 27 | अंक : 83 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 15 मार्च, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# गरीबों की जमीन कब्जा मुक्त करायें : मुख्यमंत्री

## गोरखपुर मंदिर परिसर में लगाया जनता दरबार

**गोरखपुर ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि गरीबों की जमीन पर यदि किसी ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त कराने के साथ दबंगों को सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कानून सम्मत कड़ा एक्शन लिया जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।



गोरखपुर में होलिकोत्सव मनाने के बाद सीएम योगी शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर में जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से लोग अपनी समस्या लेकर आए थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस दौरान मौजूद बच्चों का दुलार भी किया और उन्हें चॉकलेट भी दी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को (शेष पृष्ठ-3 पर)

# राकेश टिकैत की कार से टकराई नील गाय, बाल-बाल बचे टिकैत

**मुजफ्फरनगर ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में किसान नेता व भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की कार का एक्सीडेंट हो गया है। हालांकि ये गनीमत रही कि किसी जनहानि की खबर सामने नहीं आई है। राकेश टिकैत पूरी तरह सुरक्षित हैं।



मुजफ्फरनगर में राकेश टिकैत की फॉर्च्यूनर कार नीलगाय से टकरा गई। ये टक्कर इतनी भीषण थी कि कार आगे से पूरी तरह टूट गई। हालांकि हादसे में किसान नेता राकेश टिकैत बाल-बाल बच गए। इस एक्सीडेंट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कार के सभी 8 एयरबैग मौके पर खुल गए। इसी वजह से राकेश टिकैत की जान भी बच गई।

राकेश टिकैत हादसे के बाद अपने घर पहुंचे। हादसे पर राकेश टिकैत ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि कार में सफर करने के दौरान सीट बेल्ट जरूर लगाएं। ये हादसा उस वक्त हुआ, जब टिकैत सिसौली से मुजफ्फरनगर आवास आ रहे थे। ये हादसा मुजफ्फरनगर शामली मार्ग पर हुआ।

# होली पर हाईराइज सोसायटियों में चले लाठी-डंडे





**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** होली की शाम को ग्रेनो वेस्ट की आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी में एक विवाद हो गया। पहले निवासियों के बीच मारपीट हुई। फिर उसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने लाठी चला दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वीडियो हो गया है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा वेस्ट की दो और सोसायटियों में होली के दौरान मारपीट के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं।

ग्रेनो वेस्ट की आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी में डीजे बजाने को (शेष पृष्ठ-3 पर)

# हरियाणा में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**सोनीपत ( एजेंसी )।** हरियाणा के सोनीपत में बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बताया जाता है कि हत्याकांड को जमीनी विवाद के चलते अंजाम दिया गया है. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।



जानकारी के मुताबिक मृतक बीजेपी नेता की पहचान मुंडलाना मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जवाहरा के रूप में हुई है। हत्या को देर रात गांव जवाहरा में अंजाम दिया गया. बताया जाता है कि बीजेपी नेता ने पड़ोसी के बुआ की जमीन खरीदी थी। जिसको लेकर विवाद चल रहा था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# व्हाट्सअप पर आएगा जिलाध्यक्षों का नाम, कल दोपहर में होगी घोषणा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अंततः लम्बे इंतजार के बाद कल भाजपा के नोएडा महानगर तथा जनपद गौतमबुद्धनगर को नये अध्यक्ष मिल जाएंगे। कल दोपहर 2 बजे तिलपता स्थित भाजपा के जिला कार्यालय पर बैठक होगी जिसमें चुनाव अधिकारी अध्यक्षों के नामों की घोषणा करेंगे।

कल होने वाली बैठक में नोएडा के चुनाव अधिकारी तथा कौशांबी के पूर्व सांसद विनोद सोनकर तथा जनपद के चुनाव अधिकारी तथा आगरा के एमएलसी व भाजपा के प्रदेश मंत्री विजय शिवहरे के अलावा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी, नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा विधायक पंकज सिंह, दादरी के विधायक तेजपाल नागर, जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह, राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र नागर के अलावा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। प्रदेश महामंत्री धर्मपाल, जिला चुनाव अधिकारियों को दोपहर दो बजे व्हाट्सअप पर जिलाध्यक्षों के नाम भेजेंगे जिसके बाद नामों की घोषणा की जाएगी।

मालूम हो कि नोएडा में अध्यक्ष पद के लिए 35 लोगों ने आवेदन किए थे तथा ग्रेटर नोएडा से जिलाध्यक्ष के लिए 31 दावेदारों ने आवेदन किए थे।

सूत्र बताते हैं कि जिले में ब्राहमण तथा नोएडा में ठाकुर बिरादरी के कार्यकर्ता को अध्यक्ष पद दिया जा सकता है। हालांकि इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। घोषणा होने तक सभी दावेदारों को अपने-अपने नाम घोषित होने की पूरी आशा है। नोएडा में प्रमुख दावेदारों में संजय बाली, डिम्पल आनंद, उमेश त्यागी, मनीष शर्मा, गणेश जाटव तथा महेश चौहान के नामों की चर्चा है। इनमें से किसी एक को अध्यक्ष पद की कमान मिलेगी।

वहीं जिले में गजेन्द्र मावी, अभिषेक शर्मा, योगेश चौधरी, सेवानंद शर्मा, आनंद भाटी, सुभाष भाटी तथा सतेन्द्र नागर के नामों की चर्चा थी। इनमें से किसी एक का अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है।

# चुनाव आयोग ने विभिन्न दलों ने अध्यक्षों को किया आमंत्रित

## चुनाव प्रक्रियाओं को मजबूत करने पर मांगे सुझाव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** चुनाव आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। भारत निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को पत्र के माध्यम से ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक सुझाव आमंत्रित किए हैं। आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और




मजबूत करने के लिए, पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सेक्टरों में होली पर मवेशियों को खिलाया हरा चारा







**नोएडा ( चेतना मंच )।** होली के पर्व पर जहां लोग होली का धमाल मनाने में जुटे रहे। वहीं एक स्वयंसेवी संगठन ने सड़क को पर घूमते आवारा मवेशियों को जगह-जगह हरा चारा खिलाया।

होली के पर्व पर इंटरनल एनर्जी फाउंडेशन द्वारा सेक्टर-128 126 100 110 107 108 105 99 46 47 48 49 4398 तथा 93 में सड़कों पर मवेशियों को ट्रक में ले जाकर हरा चारा खिलाया गया। यह जानकारी ईटर्नल एनर्जी फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीमती जयंती निधि। उन्होंने बताया कि हरे चारे की व्यवस्था फाउंडेशन के समर्थक श्रीमती रामा श्रीनिवासन ने की थी। यह फाउंडेशन इसी तरीके के अन्य सामाजिक नेक कार्य करता रहता है।

# यूपी स्टेट कबड्डी टूर्नामेंट में तीन मुन्ना भाईयों की एंट्री

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा के मलकपुर स्टेडियम में आयोजित यूपी ओपन स्टेट कबड्डी सीनियर पुरुष वर्ग मुक़ाबले में मुन्ना भाई की एंट्री का बड़ा मामला सामने आया है। इस टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के कई जनपद की टीमें खेलने पहुंची हैं।

जानकारी के मुताबिक यूपी ओपन स्टेट सीनियर पुरुष कबड्डी के मैच में 3 मुन्ना भाई की एंट्री का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक हापुड़ से टीम के साथ आए कोच ने कूटरचित तरीके से तथाकथित कबड्डी मुन्ना भाई खिलाड़ी को मैदान पर उतारा।

जिला उपक्रीड़ा अधिकारी गौतमबुद्धनगर को शक होने पर जब जांच की तो जांच में फर्जीवाडे का बड़ा खुलासा हुआ। जांच होने पर कबड्डी खेलने वाले मुन्ना भाई मौके से फरार हो गए। यह मामला जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है। हापुड़ के टीम मैनेजर सौरभ तोमर ने लिखित में अपना फर्जीवाड़ा कबूल किया है।


वहीं हापुड़ की उप क्रीड़ा अधिकारी मधु अवस्थी और टीम मैनेजर सौरभ तोमर सवालों के घेरे में आ गए हैं।

# हिंडन पर पुल व एप्रोच रोड का निर्माण करीब 70 फीसदी पूरा

## नोएडा- ग्रेटर नोएडा के 10 लाख लोगों को मिलेगी राहत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा को ग्रेटर नोएडा से नई कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए हिंडन पर पुल और एप्रोच रोड बनाने का काम तेजी से हो रहा है। दोनों काम 68 और 70 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। यानी बहुत ही जल्द लोगों की यात्रा आसान हो जाएगी। नोएडा अथॉरिटी की डेडलाइन के मुताबिक, यह काम जून महीने तक पूरा कर लेना है। लेकिन बचे काम के हिसाब से इस काम को पूरी तरह खत्म होने में और भी समय लग सकता है। बताया जा रहा है कि इसके निर्माण से 10 लाख लोगों को फायदा मिलेगा।

नोएडा के सेक्टर-145 स्थित नलगढ़ा और सेक्टर-146 के पास से हिंडन के जरिए से ग्रेटर नोएडा के एलजी गोलचक्कर तक नई कनेक्टिविटी दी जानी है। इसको लेकर हिंडन पर पुल बनाया जा रहा है। इसके साथ ही दोनों तरफ अपने-अपने हिस्से में नोएडा और



ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी को सड़क बनाने का काम करना है। ये दोनों प्राधिकरण अपने-अपने क्षेत्र में तेजी से निर्माण कार्य करवा रहे हैं। हिंडन पर पुल बनाने का काम सेतु निगम करा रहा है। इस पुल पर जो खर्चा आ रहा है उसको दोनों प्राधिकरण मिलकर आधा आधा वहन कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि हिंडन पर पुल बनाने का लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा हो गया है।

यह पुल करीब 200 मीटर और सिक्स लेन का बन रहा है। इस पर लगभग 70 करोड़ रुपए का खर्चा आ रहा है। साथ ही नोएडा प्राधिकरण अपने हिस्से में करीब 32 करोड़ की लागत से सड़क और दूसरे काम करा रहा है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सड़क बनाने का काम तेजी से जारी है। जून के आखिरी तक सड़क बनाने का काम पूरा हो जाएगा, लेकिन पुल बनने तक यह योजना अभी अधूरी है। सेतु निगम को भी जून तक काम पूरा करने के लिए कहा गया है, लेकिन मौके पर बचे काम के हिसाब से अगस्त से पहले यह संभव नहीं है। (शेष पृष्ठ-3 पर)



सेक्टर-14 ए में होली खेलते नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम। सीईओ संजीव खत्री, जिलाधिकारी मनीष वर्मा तथा अन्य अधिकारी।

## प्रदूषित शहर

यह खबर शर्मनाक है कि दुनिया के सबसे प्रदूषित बीस शहरों में तेरह शहर भारत के हैं। ऐसी खबरों से दुनिया में कैसी छवि बनेगी, कहने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन ऐसी खबरें विदेशी निवेश व विदेशी पर्यटकों की सोच को जरूर नकारात्मक बना सकती हैं। उल्लेखनीय है कि स्विस वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी आई.क्यू. एअर द्वारा जारी वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 बताती है कि दिल्ली वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी बनी हुई है। गंभीर चिंता इस बात की है कि भारत दुनिया का पांचवां सबसे ज्यादा प्रदूषित देश बना है। उल्लेखनीय बात यह है कि वर्ष 2023 में भारत तीसरे स्थान पर था। लेकिन इस रिपोर्ट में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि देश का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर दिल्ली नहीं बल्कि मेघालय का बर्नीहाट लिस्ट में टॉप पर है। हालांकि, कहना मुश्किल है कि बर्नीहाट की यह स्थिति किसी परिस्थिति के कारण कुछ समय के लिये थी या स्थायी रूप से बनी हुई है। निश्चय ही हमारी राजधानी का दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित होना और देश के तेरह शहरों का शीर्ष बीस प्रदूषित में शुमार होना परेशान करने वाला है। जब किसी शहर के उच्च प्रदूषित होने की बात करते तो यह नीति-नियंताओं की नाकामी और जनमानस की लापरवाही व उदासीनता को ही दर्शाता है। आई.क्यू. एअर द्वारा जारी वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 में भारत में पीएम 2.5 सांद्रता में सात फीसदी की गिरावट देखी। जो वर्ष 2023 में 54.5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी और फिलहाल 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। बहरहाल, वायु प्रदूषण की ये स्थितियां स्वास्थ्य के लिये गंभीर जोखिम की वजह बनी हुई हैं। एक अनुमान के अनुसार वायु प्रदूषण से औसतन व्यक्ति का जीवन 5.2 साल कम हो रहा है, जो स्थिति की गंभीरता का ही परिचायक है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष प्रकाशित लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ अध्ययन के अनुसार प्रदूषण की वजह से वर्ष 2009 से 2019 के बीच हर साल पंद्रह लाख मौतें हुई हैं। देशव्यापी प्रदूषण में पीएम 2.5 की घातकता को लेकर कई अध्ययन सामने आए हैं। दरअसल, 2.5 माइक्रोन से छोटे वायु प्रदूषण कण हमारे फेफड़ों और रक्तप्रवाह में सेंध लगाते हैं, जिससे श्वसन तंत्र को नुकसान पहुंचता है, जिसके चलते सांस लेने में दिक्कत होती है। साथ ही हृदय रोग और कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है। इन प्रदूषण कारक कणों के फैलने के कई कारण हमारी जीवनशैली में बदलाव से भी जुड़े हैं। मजबूत सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का न होना भी एक कारण है। वहीं वाहनों के धुएं, औद्योगिक एमिशन का निस्तारण न होने, जीवश्म ईंधन के अधिक प्रयोग, फसल के अवशेष व लकड़ी जलाने से भी इसमें वृद्धि होती है। देश की राजधानी दिल्ली में तो गाहे-बगाहे स्थिति बेहद चिंताजनक होती है। यहां तक कि प्रदूषण का हाई लेवल यानी पीएम 2.5 का सालाना औसत 91.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के तमाम मानक ऐसे हैं जिनकी कसौटी पर हम खरे नहीं उतरते। हालांकि, प्रदूषण फैलाने में कई प्राकृतिक कारण भी हैं, जिसमें धुंध और अलनीनो प्रभाव भी शामिल हैं। लेकिन यह हमारी चिंता का विषय होना चाहिए कि देश के कई शहरों में पीएम 2.5 कणों का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्धारित मानकों से दस गुना ज्यादा है। जो सीधे-सीधे आम आदमी के स्वास्थ्य के लिये खतरे की घंटी हैं। लेकिन इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद हमारे शासक-प्रशासकों और जनता में इस गंभीर संकट के प्रति कोई गंभीर चिंता नजर नहीं आती। हर चुनाव में तमाम लोकलुभावन मुद्दे तो हवा में तैरते रहते हैं लेकिन मुफ्त की रेवाड़ियों की आस लगाने वाले लोग अपनी जिंदगी के लिये स्वच्छ हवा की मांग कभी नहीं करते। एक दृष्टि से देखा जाए तो प्रदूषण का यह गंभीर स्तर हमारे तंत्र की नाकामी ही दर्शाता है। यदि देश में मजबूत सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था होती तो शायद सड़कों पर कारों का सैलाब न होता। कोरोना संकट ने हमें सबक दिया था कि हमारी गतिशीलता कितना प्रदूषण फैलाती है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि (फिर) राजा ने राजकुमारी को लाकर नारदजी को दिखलाया (और पूछा कि-) हे नाथ! आप अपने हृदय में विचार कर इसके सब गुण-दोष कहिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**देखि रूप मुनि बिरति बिसारी। बड़ी बार लगि रहे निहारी॥**
**लच्छन तासु बिलोकि भुलाने। हृदयँ हरष नहिं प्रगट बखाने॥**

उसके रूप को देखकर मुनि वैराग्य भूल गए और बड़ी देर तक उसकी ओर देखते ही रह गए। उसके लक्षण देखकर मुनि अपने आपको भी भूल गए और हृदय में हर्षित हुए, पर प्रकट रूप में उन लक्षणों को नहीं कहा॥

**जो एहि बरइ अमर सोइ होई। समरभूमि तेहि जीत न कोई॥**
**सेवहिं सकल चराचर ताही। बरइ सीलनिधि कन्या जाही॥**

(लक्षणों को सोचकर वे मन में कहने लगे कि) जो इसे ब्याहेगा, वह अमर हो जाएगा और रणभूमि में कोई उसे जीत न सकेगा। यह शीलनिधि की कन्या जिसको वरेगी, सब चर-अचर जीव उसकी सेवा करेंगे॥

**लच्छन सब बिचारि उर राखे। कछुक बनाइ भूप सन भाषे॥**
**सुता सुलच्छन कहि नृप पाहीं। नारद चले सोच मन माहीं॥**

सब लक्षणों को विचारकर मुनि ने अपने हृदय में रख लिया और राजा से कुछ अपनी ओर से बनाकर कह दिए। राजा से लड़की के सुलक्षण कहकर नारदजी चल दिए। पर उनके मन में यह चिन्ता थी कि- ॥

(क्रमशः...)

# रंगपर्व होली के धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व को ऐसे समझिए

पर्व-त्यौहारों के देश भारत वर्ष में रंग पर्व होली का त्यौहार प्रमुखता से मनाया जाता है। यह सामाजिक सद्भावना बढ़ाने का लोकपर्व है। इसे वसंतोत्सव भी कहा जाता है। इस त्यौहार का सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व भी है। इसके देशज पहचान को समझने के लिए हमें विभिन्न राज्यों के प्रचलनों पर गौर करना होगा। उनके स्थानीय भावों को वहां प्रचलित गवनई के माध्यम से समझना होगा। शास्त्रों में इसे शूद्रों अर्थात सेवकों का त्यौहार भी कहा जाता है। इस दिन नए सफेद वस्त्र पहनने और तरह तरह के पकवान खाने का भी रिवाज है।

यूँ तो ब्रज की होली पूरे देश में प्रसिद्ध है। बरसाना की लठमार होली की बात ही कुछ और है। राधा-कृष्ण को भी इस पर्व से जोड़ दिया गया है ताकि सांसारिक प्राणियों को उनका सुख मिलता रहे। वहीं, खान-पान के नजरिए से मालपुआ इस पर्व का सुप्रसिद्ध पकवान है, जिसको पकाने के तौर तरीके क्षेत्र के हिसाब से बदल जाते हैं। ठंडई इस दिन का प्रचलित पेय है जो भांग से बनती है। इसमें मेवा और दूध भी डाले जाते हैं। इन सबको अतिथियों को भी परोसा जाता है। सवाल है कि होली का त्योहार फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को ही क्यों मनाया जाता है? दूसरा सवाल है कि होली जलाने का क्या कोई वैज्ञानिक कारण भी है या सिर्फ धार्मिक मान्यता ही है?

जहां तक रंग पर्व होली की धार्मिकता की बात है तो पौराणिक कथा के अनुसार, असुरराज हिरण्यकशिपु का पुत्र प्रह्लाद भगवद्भक्त था अर्थात भगवान विष्णु का अनन्य भक्त, जिसकी भक्ति सुरभि से पूरा साम्राज्य सुवाषित हो रहा था। शायद इसलिए असुरराज हिरण्यकशिपु निज पुत्र प्रह्लाद को भगवान श्रीहरि की पूजा करने से मना किया करता था। किन्तु जब भक्तराज प्रह्लाद अपने पिता की बात नहीं माने तो उसने यानी हिरण्यकशिपु ने उन्हें यानी प्रह्लाद को मारने के नानाविध उपाय किये, लेकिन असफल रहा। कभी प्रह्लाद को पहाड़ पर ले जाकर गहरी खाई में गिराया तो कभी अस्त्र-शस्त्र से उसे मारने का प्रयास किया गया, किन्तु हिरण्यकशिपु के सभी प्रयास विफल रहे।

इससे चिंतित हिरण्यकशिपु की बहन होलिका ने कहा-भैया! मैं एक पल में इसे जलाकर मार सकती हूँ। मैं इसे गोद में लेकर जलती चिता में बैठ जाऊँगी और यह जलकर



**ब्रज की होली पूरे देश में प्रसिद्ध है। बरसाना की लठमार होली की बात ही कुछ और है। राधा-कृष्ण को भी इस पर्व से जोड़ दिया गया है ताकि सांसारिक प्राणियों को उनका सुख मिलता रहे। खान-पान के नजरिए से मालपुआ इस पर्व का सुप्रसिद्ध पकवान है, जिसको पकाने के तौर तरीके क्षेत्र के हिसाब से बदल जाते हैं।**

मर जायेगा। क्योंकि मुझे वरदान है कि मैं जलती अग्नि में प्रवेश कर जाऊँ तो भी नहीं जलूँगी। किन्तु होलिका यह भूल गयी थी कि यह वरदान उसे अकेली रहने पर की अवधि के लिए मिला था न कि किसी को साथ लेकर प्रविष्ट होने के लिए। इसलिए वह खुशी-खुशी चिता तैयार करवाकर प्रह्लाद को लेकर बैठ गयी। चिता में उसके ही कहने पर राक्षसों ने आग लगायी। उधर प्रह्लाद आँखें बंद किये हरि के नाम का स्मरण करने में लीन थे। आग लगते ही होलिका जलकर भस्म हो गयी और प्रभु कृपा से प्रह्लाद का बाल भी बाँका न हुआ।

चूंकि यह घटना बिहार के पूर्णिया जिले में पूर्णिमा के समीप ही घटित हुई थी, इसलिए तब से पूर्णिमा के दिन ही उस राक्षसी होलिका को जलाने की प्रक्रिया पूरे देश में हर वर्ष मनायी जाती है। इस प्रकार भारत में आश्विन मास में रावण दहन और फाल्गुन माह में होलिका दहन के द्वारा बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश जनमानस को दिया जाता है। इससे एक सप्ताह पहले और एक सप्ताह बाद तक होली मिलन समारोह मनाया जाता है, ताकि राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक औए सांस्कृतिक समरसता बनी रहे। पहले के राजा और धन्नासेठ और आज के जनप्रतिनिधियों और कारोबारियों के द्वारा भी यह पर्व उल्लास पूर्वक मनाया जाता है। अब तो यह विधान भारतीयों के साथ पूरी दुनिया में पहुंच गया है।

वहीं, जल रही होलिका में लोग खेतों से जौ, चने गेहूँ, आलू आदि नई फसलों की बालियाँ या फली तोड़कर भूनते हैं। यह भूनने की क्रिया करने का अर्थ है कि सर्वप्रथम हम अपने देवताओं को अन्न की आहुतियाँ प्रदान करते हैं। पहले आहुतियाँ अग्नि में ही दी जाती हैं। उसके बाद प्रसाद स्वरूप अन्न घर ले जाते हैं अर्थात् उसके बाद गेहूँ, जौ आदि फसलों की कटाई शुरू होती है।

जहां तक वसंतोत्सव होली पर्व की वैज्ञानिकता की बात है तो यह पर्व पूर्ण रूप से वैज्ञानिकता पर आधारित है। क्योंकि जब जाड़े की ऋतु समाप्त होती है और ग्रीष्म ऋतु (गर्मी) का आगमन होता है, उस ऋतु संक्रमण काल में ही यह पर्व मनाया जाता है। चूंकि ऋतु बदलने के कारण अनेक प्रकार के संक्रामक रोगों का शरीर पर आक्रमण होता है, जैसे- चेचक, हैजा, खसरा आदि। लिहाजा, इन संक्रामक रोगों को वायुमण्डल में ही भस्म कर देने का यह सामूहिक अभियान होलिका दहन है।

आपको पता है कि पूरे देश में रात्रि काल में एक ही दिन होली जलाने से वायुमण्डलीय कीटाणु जलकर भस्म हो जाते हैं। यदि एक जगह से उड़कर ये दूसरी जगह जाना भी चाहें तो भी इन्हें स्थान नहीं मिलेगा, क्योंकि प्रत्येक ग्राम और नगर में होली की अग्नि जल रही होती है। अग्नि की गर्मी से कीटाणु भस्म हो जाते हैं, जो हमारे लिए अत्यधिक लाभकारी है। अतः वैज्ञानिक दृष्टि से भी होली का त्योहार उचित है। इसके अलावा, जलती होलिका की प्रदक्षिणा यानी चारों ओर चक्कर लगाने से हमारे शरीर में कम-से-कम 140 फॉरेनहाइट ताप वाली गर्मी प्रविष्ट होती है। उसके बाद यदि रोग उत्पन्न करने वाले जीवाणु हम पर आक्रमण करते हैं या हमें काटते हैं तो उनका प्रभाव हम पर नहीं होता है, क्योंकि हमारे अंदर आ चुकी उष्णता (गर्मी) से वे स्वयं नष्ट हो जाते हैं।

इसके बाद दूसरे दिन रंगों की होली मनायी जाती है और अबीर-गुलाल उड़ाए जाते हैं। क्योंकि रंगों का भी हमारे जीवन में बहुत लाभ है। शास्त्रकारों ने टेसुआ (ढाक के फूलों का रंग) जैसे रंग को होली में उपयोग करने की मान्यता दी है। होली से एक दिन पहले छोटी होली होती है, जिसमें धूल और गीली मिट्टी एक दूसरे पर डालने का विधान है। बहुत जगह पर होलिका दहन को सम्मत फूंकना भी बताया जाता है। कहीं अंडी के पेड़ और पुआल से, कहीं वृक्षों की टहनियों और उपले को जलाया जाता है। इससे पूर्व भगवान विष्णु के नरसिंह रूप सहित विविध स्वरूपों की पूजा की जाती है। विभिन्न प्रकार के उबटन, तिल, कर्पूर, शुद्ध घी आदि इसमें अर्पित किए जाते हैं।


**- कमलेश पांडेय**
**वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार**

## बदलते ज़माने की रंग बदलती होली

होली एक ऐसा त्यौहार है जिसे हर पृष्ठभूमि के लोग मनाते हैं, जिसमें दुश्मनी भुलाकर गले मिलते हैं। फिर भी, एकता और प्यार का यह त्यौहार बदल रहा है। फाल्गुन की खुशियाँ अब दूर की यादों की तरह लगती हैं। होली के रंग, कुछ सालों में फीके पड़ गए हैं। बड़े-बुजुर्ग इस बात पर अफ़सोस जताते हैं कि अब हंसी-मजाक, उत्साह और वह जीवंत भावना नहीं रही जो कभी इस उत्सव की पहचान हुआ करती थी। पानी की बौछारों की आवाज़ और होली की जीवंतता ने कुछ ही घंटों के उत्सव के बाद एक शांत ले ली है। आओ राधे खेलें फाग, होली आई के हर्षोल्लास और उत्सव के इर्द-गिर्द होने वाली मस्ती-मजाक की आवाज़ें समय के साथ दबती जा रही हैं।

फाल्गुन आते ही होली का उत्साह हवा में घुलने लगा। मंदिरों में फाग की ध्वनि गूंजने लगी और हर तरफ़ होली के लोकगीत सुनाई देने लगे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ पारंपरिक नृत्यों ने होली के रंग चारों ओर बिखेर दिए। लोग ख़ुशी से एक-दूसरे पर पानी की छींटे मारते रहे और कोई कड़वाहट नहीं थी, बस ख़ुशी थी। होली की तैयारियाँ वसंत पंचमी से ही शुरू हो जाती थीं और समुदाय के आंगन और मंदिर चंग की थाप से जीवंत हो उठते थे। रात में चंग की थाप के साथ नृत्य ने सभी को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। दूर से फाल्गुन गीत और रसिया गाने वाले लोग नृत्य में शामिल होकर तारों की छांव में होली का आनंद मनाते थे। हालांकि, जैसे-जैसे समय बदला है, रिश्तों की गर्माहट फीकी पड़ती नज़र आती है। आजकल होली की बधाई अक्सर मोबाइल या इंटरनेट के जरिए भेजे गए 'हैप्पी होली' के साथ शुरू और ख़त्म होती है। पहले जैसा उत्साह और जश्न का माहौल अब नहीं रहा। पहले बच्चे हर मोहल्ले में होली के लिए समूह बनाकर होली का दान इकट्ठा करते थे और खुशी-खुशी किसी पर भी रंग फेंकते थे। यहाँ तक कि जब उन्हें चिढ़ाया या डांटा जाता था, तो वे हंसते थे। अब ऐसा लगता है कि लोग मौज-मस्ती करने के बजाय बहस करने में ज़्यादा रुचि रखते हैं।

पहले के समय में पड़ोसियों की बहू-बेटियों को परिवार की तरह माना जाता था। घर स्वादिष्ट व्यंजनों की ख़ुशबू से भर जाते थे और मेहमानों का खुले दिल से स्वागत किया जाता था। आज, समारोह ज्यादातर अपने घर तक ही सीमित रह गए हैं और समुदाय



की भावना कम होती जा रही है। फ़ोन पर एक साधारण 'होली मुबारक' ने पहले के दिल से जुड़े रिश्तों की जगह ले ली है, जिससे रिश्ते कम मधुर लगने लगे हैं। इस बदलाव के कारण परिवार अपनी बहू-बेटियों को दोस्तों या रिश्तेदारों से मिलने देने में हिचकिचाते हैं। पहले लड़कियाँ होली के दौरान ख़ुशी और हंसी-मजाक करती हुई खुली हवा में घूमती थीं, लेकिन अब अगर कोई लड़की किसी रिश्तेदार के घर ज़्यादा देर तक रुकती है, तो उसके परिवार में चिंता पैदा हो जाती है।

होली का त्यौहार खुशियों का मौसम हुआ करता था, जिसकी शुरुआत होली के पौधे लगाने से होती थी। छोटी-छोटी लड़कियाँ गाय के गोबर से वलुडिया बनाती थीं, खूबसूरत मालाएँ बनाती थीं, जिन पर आभूषण, नारियल, पायल और बिछिया होती थीं। दुख की बात है कि ये परंपराएँ अब ख़त्म हो गई हैं। पहले घर पर ही टेसू और पलाश के फूलों को पीसकर रंग बनाया जाता था और महिलाएँ होली के गीत गाती थीं। होली के दिन सभी लोग चंग की ताल पर नाचते हुए जश्न मनाते थे। बसंत पंचमी से ही फाग की धुनें गूंजने लगती थीं, लेकिन अब होली के गीत कुछ ही जगह सुनाई देते हैं। परंपरागत रूप से, विभिन्न समुदायों के लोग ढोलक और चंग की थाप के साथ होली खेलने के लिए एकत्रित होते थे। अब वह जीवंत भावना कहाँ चली गई है?

आज, होली महज़ एक परंपरा की तरह लगती है। हाल के वर्षों में, सामाजिक गुस्सा और विभाजन इतना बढ़ गया है कि कई परिवार इस त्यौहार के दिन घर के अंदर ही रहना पसंद करते हैं। वैसे तो लोग सालों से होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाते आ रहे हैं, लेकिन इस त्यौहार का असली उद्देश्य भाईचारा बढ़ाना और नकारात्मकता को दूर करना है, जो अब कहीं खो गया है। समाज कई चुनौतियों का सामना कर रहा है और सामाजिक असमानता प्रेम, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को ख़त्म कर रही है। एक समय था जब होली एक महत्त्वपूर्ण अवसर था, जब परिवार होलिका दहन देखने के लिए इकट्ठा होते थे और उसी दिन वे खुशी-खुशी एक-दूसरे पर रंग लगाते और अबीर फेंकते थे। समूह होली की खुशियाँ बाँटने के लिए एक-दूसरे के घर जाते और भांग की भावना में डूबे हुए फगुआ गीत गाते थे। अब, वास्तविकता यह है कि होली पर कुछ ही लोग घर से बाहर रहना पसंद करते हैं। हर महीने और हर मौसम में एक नया त्यौहार आता है, जो हमें उस खुशी की याद दिलाता है जो वे ला सकते हैं। ये उत्सव हमें उत्साहित करते हैं, हमारे दिलों में उम्मीद जगाते हैं और अकेलेपन की भावनाओं को दूर करते हैं, भले ही कुछ पल के लिए ही क्यों न हो। हमें इस त्यौहारी भावना को संजोकर रखना चाहिए।

**-प्रियंका सौरभ**

## राशिफल

**चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है। स्वास्थ्य पहले से थोड़ा बेहतर है। लेकिन अभी भी मध्यम बना हुआ है।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। मन बैचेन रहेगा। घबराहट, बैचेनी बनी रहेगी। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। पुराने सोर्स से भी पैसे आएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान मध्यम।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भाग्यवर्धक दिनों का निर्माण हो रहा है। भाग्य साथ देगा। प्रेम, संतान की स्थिति थोड़ी मध्यम है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों की विघ्न-बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान भी मध्यम है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान थोड़ा मध्यम। व्यापार अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। थोड़ा गृहकलह भी हो सकता है। स्वास्थ्य अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य मध्यम है। प्रेम-संतान में सुधार हो चुका है। व्यापार भी अच्छा है। निवेश अभी न करें।



गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा होली पर्व व जुमा की नमाज को सकुशल, शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए थाना फेस-1 क्षेत्र मे जामा मस्जिद के आस-पास भ्रमण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लेकर पुलिस अधिकारी/कर्मचारी को ब्रीफ करते हुये सतर्क दृष्टि बनाये रखने के निर्देश दिये।

# नया आयकर विधेयक 2025 ( प्रस्तावित ) को जानिए

**नई दिल्ली ( ब्यूरो )।** नए आयकर विधेयक को लेकर लोगों के मन में कई सवाल उठ रहे हैं। लोगों के सवालों का जवाब दे रहे हैं प्रख्यात चार्टर्ड एकाउंटेंट तथा केपीएसके एंड एसोसिएटस के पार्टनर सीए प्रदीप कुमार ठाकुर।



**1. आयकर कानून में बदलाव के उद्देश्य क्या हैं?**

* कर संरचना को सरल बनाना: मौजूदा आयकर अधिनियम 1961 बहुत पुराना है और आधुनिक युग में अप्रभावी हो चुका है। आम नागरिकों के लिए इसे समझना कठिन है।

* कर भार को कम करना: सरकार मध्यम वर्ग पर कर भार को कम करना चाहती है, जो वर्तमान में 1961 के पुराने आयकर अधिनियम के तहत सबसे अधिक कर देता है।

**2. क्या विलंबित, संशोधित और अपडेटेड रिटर्न की प्रावधानों में कोई बदलाव हुआ है?**

* नहीं, ये प्रावधान आयकर अधिनियम, 1961 के समान हैं, जिसमें वित्त अधिनियम, 2025 के तहत किए गए संशोधन भी शामिल हैं।

**3. क्या आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथियों में कोई बदलाव हुआ है?**

* नहीं, प्रत्येक करदाता वर्ग के लिए रिटर्न दाखिल करने की समय-सीमा पहले जैसी ही बनी हुई है। नई विधेयक में इसे तालिका प्रारूप में प्रस्तुत किया गया है ताकि इसे आसानी से समझा जा सके।

**4. क्या आय के स्त्रोतों के नामों में बदलाव किया गया है?**

* हाँ, 1961 के आयकर अधिनियम में वेतन से हुई आय को 'आय वेतन से' और बैंक ब्याज या लाभांश जैसी अन्य आय को 'अन्य स्त्रोतों से आय' के तहत दिखाना होता था। लेकिन प्रत्यक्ष कर संहिता (डीटीसी) में इन्हें क्रमश: 'रोज़गार से आय' और 'अवशिष्ट स्त्रोतों से आय' के रूप में उल्लेख करना होगा।

**5. क्या नए विधेयक में कर दरों और अन्य नीतियों में कोई बदलाव किया गया है?**

* नहीं, कर दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आयकर अधिनियम, 1961 को नियमित रूप से अपडेट किया जाता रहा है, जिसमें वित्त विधेयक, 2025 के तहत किए गए सभी संशोधन शामिल हैं। हालांकि, प्रमुख नीतिगत बदलाव नहीं हुए हैं, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं।

## पत्नी की गला दबाकर हत्या

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी के मैदान में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या से पहले दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया।

एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि शुक्रवार को थाना टीलामोड़ पुलिस को कंट्रोल रूम से डिफेंस ग्राउंड थाना टीला मोड़ में महिला का शव पड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त की गई। महिला का नाम रेनू शर्मा पत्नी अनिल शर्मा है।

रेनू शर्मा डिफेंस कॉलोनी में किराए के मकान पर रहती थी। इस मामले में छानबीन की गई तो ज्ञात हुआ कि बृहस्पतिवार की रात्रि में अनिल के द्वारा अपनी पत्नी को मिलने के लिए डिफेंस ग्राउंड में बुलाया गया था। वहां पर दोनों में कुछ बातों को लेकर आपस में वाद-विवाद और झगड़ा हुआ। झगड़ा बढ़ने के कारण अनिल द्वारा रेनू का गला दबाकर हत्या कर दी गई।





रंग-उमंग उत्साह वाली होली, समरसता सौहार्द वाली होली। पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में आम जनता के साथ होली खेली और जुलूस में शामिल हुए।

## पृष्ठ एक के शेष....

**गरीबों की जमीन....**

संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में एक व्यक्ति ने दबंगों द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत की।

इस पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए। जमीन कब्जामुक्त होनी चाहिए यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

**हिंडन पर पुल व एप्रोच रोड ...**

नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच नई कनेक्टिविटी के लिए सेक्टर-146 के सामने हिंडन पर पुल से नोएडा को कनेक्ट करने के लिए 850 मीटर की अप्रोच रोड भी बनाई जा रही है। यह सड़क हिंडन पुल से ग्रेटर नोएडा के एलजी चौक से आने वाले ट्रैफिक को सेक्टर-145 की 45 मीटर रोड से कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इसके निर्माण से नोएडा-ग्रेटर नोएडा में रहने वाले लोगों के बीच की दूरी भी कम हो जाएगी।

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार नोएडा से ग्रेनो के बीच ज्यादातर ट्रैफिक नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, डीएससी और 130 मीटर रोड की तरफ से आता और जाता है। अब यह नई कनेक्टिविटी बनकर तैयार होगी। इससे एक्सप्रेसवे और परी चौक पर वाहनों का दबाव बहुत कम हो जाएगा और जाम की समस्या भी लगभग खत्म हो जाएगी।

**चुनाव आयोग ने....**

भी परिकल्पना की है। इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया।

संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960 चुनाव संचालन नियम, 1961 माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

**होली पर हाईराइज ....**

लेकर सोसायटी वासियों के बीच झगड़ा हो गया। इसी दौरान वहां पहुंचे सिक्योरिटी गार्ड बीचबचाव करने लगे लेकिन अचानक गार्डों ने लाठी-डंडों से लोगों पर हमला बोल दिया। थाना बिसरख पुलिस ने इस मामले 4 सिक्योरिटी गार्डों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा होली पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एसकेएस ग्रीन आर्च सोसायटी तथा गौड़ सिटी के 7 एवेन्यू सोसायटी में भी मारपीट हुई है। थाना बिसरख मामले की जांच कर रही है।

**हरियाणा में भाजपा....**

आरोपी ने कुछ दिन पहले बीजेपी नेता को जमीन पर कदम नहीं रखने की चेतावनी भी दी थी। पुलिस ने बताया कि सोनीपत में बीजेपी नेता की शुक्रवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। जमीनी विवाद को लेकर बीजेपी नेता की कई बार आरोपी से कहासुनी भी हुई थी।वहीं, शुक्रवार की रात में जब बीजेपी नेता जमीन पर बुवाई करने के लिए गए तो आरोपी भी पहुंच गया और दोनों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद बीजेपी नेता वहां से चले आए. वहीं, जब वह अपनी शॉप पर बैठे थे, तभी आरोपी दुकान पर पहुंचा और बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी। जिसका सीसीटीवी भी सामने आया है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से एकल ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सूचना सं0 एवं निविदा कार्य का विवरणः** टेण्डर नं.-"46-जीकेपी-एमडब्लूएस-2024-25" "रिफरबिसमेंट ऑफ एनईआई मेक यूआईसी 130 बियरिंग यूज्ड इन एलएचबी कोचेज (एज पर स्कोप ऑफ वर्क) फॉर 01 ईयर थ्रू ओईएम", **अनुमानित लागत (₹में):** ₹ 98,45,514.00, **धरोहर राशि (₹ में):** ₹ 1,96,900.00, **निविदा समापन की तिथि एवं अवधिः** 11.00 बजे, 08.04.2025, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य, **संविदा की अवधिः** 12 माह, **नोटः** उपरोक्त ई-निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या http://www. ireps.gov.in पर देखें।
उपमुयाँइ/रिपेयर, यांत्रिक कारखाना गोरखपुर
मुजाधि/यांत्रिक-133
"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



खास खबर

## भारतीय अर्थव्यवस्था पर मूडीज का नजरिया सकारात्मक

**नई दिल्ली।** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर उनका नजरिया सकारात्मक है। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के बैंकिंग सेक्टर पर भी सकारात्मक दृष्टिकोण दिखाया है। मूडीज रेटिंग्स ने इस बदलाव को पाकिस्तान सरकार के बेहतर दृष्टिकोण के समर्थन में बताया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के बैंकिंग सेक्टर की ऑपरेशनल कंडीशन और फाइनेंशियल परफॉर्मेंस बेहतर हो चुकी है, जिससे उनका नजरिया स्थिर से पॉजिटिव में बदल गया है। इससे पाकिस्तान के बैंकिंग सेक्टर में सकारात्मक माहौल बना है। मूडीज ने आखिरी बार 3 मार्च, 2023 को पाकिस्तान के बैंकिंग क्षेत्र की रेटिंग कम की थी, लेकिन अब उन्होंने इसे स्थायीता के दृष्टिकोण से पॉजिटिव में बदल दिया है। रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि पाकिस्तान की बैंकिंग सिस्टम की स्थिति स्टैबल है और सरकारी सिक्योरिटीज की होल्डिंग से जुड़ी जोखिम भी कम हो चुकी है।

## टाटा पावर और एनएसडीसी ने की साझेदारी

**नई दिल्ली।** भारत के बिजली क्षेत्र में कार्यबल को सशक्त बनाने एवं हरित रोजगार को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र की विद्युत उत्पादक कंपनी टाटा पावर और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने एक रणनीतिक साझेदारी करने का फैसला किया है। कंपनी ने बताया कि इस सहयोग के तहत विशेष रूप से पारेषण, वितरण और औद्योगिक सुरक्षा सहित हरित ऊर्जा से संबंधित कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिससे देश में रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

## जेएसपीएल का शेयर 2.37 रुपए से 905 तक पहुंचा

**मुंबई।** जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने पिछले दो दशकों में निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। इस कंपनी के शेयर की कीमत 22 वर्ष पूर्व 2.37 रुपए थी, जो अब 905 रुपए तक पहुंच गई है। इस अवधि में, यदि किसी निवेशक ने 1 लाख का निवेश किया होता, तो आज उसकी मूल्यांकन 3.32 करोड़ होता। हाल के वर्षों में भी जेएसपीएल का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। पिछले 5 वर्षों में इस शेयर ने 639.29 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की है। हालांकि, पिछले छह महीनों में शेयर मूल्य में 11 फीसदी की गिरावट आई है लेकिन एक महीने में इसमें 8.22 फीसदी की वृद्धि देखी गई है।

## पिछले 24 घंटों में क्रिप्टोकरेंसी बाजार में आई तेजी

**नई दिल्ली।** पिछले 24 घंटों में क्रिप्टोकरेंसी बाजार में एक तेजी का दौर आया है। सबसे धमाकेदार उछाल में पाई नेटवर्क ने अपनी कीमत में 20 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। बुधवार से गुरुवार शाम 5 बजे तक पाई नेटवर्क का मूल्य 1.38 डॉलर से 1.66 डॉलर तक बढ़ गया है। इसके साथ ही बिटकॉइन, रिपल, डॉगकॉइन जैसी अन्य क्रिप्टोकरेंसियों में भी उछाल देखने को मिली है। अमेरिकी बाजार में गिरावट और ट्रेड वॉर के बीच, क्रिप्टोकरेंसी में तेजी का दौर दशार्यी जा रही है। निवेशकों को इस उछाल ने उत्साहित किया है और वह धीरे-धीरे इस सेक्टर में विश्वास जता रहे हैं। पाई नेटवर्क की कीमत में इस उछाल में सबसे अधिक उछाल आया है, जबकि बिटकॉइन और डॉगकॉइन भी नई ऊंचाई पर पहुंचे हैं।

## टेमासेक ने हल्दीराम की 10 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** हल्दीराम, भारत की प्रमुख नमकीन और मिठाई ब्रांड, में हिस्सेदारी खरीदने के लिए बाजी मारने वाली कई कंपनियों में से एक कंपनी हुआ है- सिंगापुर की सरकारी निवेश कंपनी टेमासेक। एक रिपोर्ट के मुताबिक, टेमासेक ने हल्दीराम के स्नैक्स बिजनस में लगभग 10 फीसदी की हिस्सेदारी के लिए 1 अरब डॉलर में खरीद ली है। इस सौदे से हल्दीराम की कुल कीमत लगभग 10 अरब डॉलर आंकी गई है। यह समझौता कई महीनों की बातचीत के बाद हुआ है, जिसमें अन्य कंपनियों की भी दिखी थी दिलचस्पी। बल्कि, कुछ महीने पहले तक कुछ निजी इक्विटी फर्में भी उससे अधिक हिस्सेदारी के लिए वातावरण बनाने में लगे रहे थे।

# रचनात्मक उद्योग भारत की कहानी को दुनिया तक पहुंचाये : पीयूष गोयल



- भारत को वैश्विक स्तर पर डेटा का सबसे बड़ा उपभोक्ता बना दिया है
- यह उद्योग, जो पहले से ही एक बहु-अरब डॉलर का क्षेत्र बन चुका है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रचनात्मक उद्योग से भारत की कहानी को दुनिया तक पहुंचाने और इस क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने अपने काम के केंद्र में विश्वास और प्रामाणिकता रखने और अपने द्वारा उत्पन्न आउटपुट के लिए जिम्मेदारी और जवाबदेही लेने की आवश्यकता पर जोर दिया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज नई दिल्ली में आरआईएसई/डीईएल सम्मेलन-2025 को संबोधित किया। यह तीन दिवसीय बहु-विषयक कार्यक्रम है जो संगीत, रचनात्मक उद्योगों और स्टार्टअप को जोड़ता है। अपने संबोधन के दौरान गोयल ने भारत के रचनात्मक पारिस्थितिकी तंत्र की शक्ति और देश के भविष्य को आकार देने में डिजिटल नवाचार की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने अमृतकाल में भारत के उदय (आरआईएसई) में योगदान देने के लिए रचनात्मक उद्योग के लिए 4 पहलुओं की पहचान की। यह हैं- जिम्मेदार सामग्री, अभिनव कहानी सुनाना, कौशल विकास और भारतीय रचनात्मकता का निर्यात करना। उन्होंने कहा कि कम लागत वाले डेटा तक पहुंच इस सरकार की डिजिटल इंडिया नीति के प्रमुख स्तंभों में से एक रही है, जिसने भारत को वैश्विक स्तर पर डेटा का सबसे बड़ा उपभोक्ता बना दिया है। उन्होंने भारत के रचनात्मक क्षेत्र में मौजूद अपार अवसरों को रेखांकित किया, जो फिल्म, नाटक और थिएटर जैसे पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़कर गेमिंग, एआई-संचालित सामग्री निर्माण और डिजिटल मीडिया को शामिल करने के लिए तेजी से विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह उद्योग, जो पहले से ही एक बहु-अरब डॉलर का क्षेत्र बन चुका है, देशभर में बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार दे रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को भविष्य की वृद्धि और विकास के लिए रोडमैप विकसित करने के लिए इस तरह के जुड़ाव का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# जियो फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस में भी बना सरताज, दबदबा कायम

- एयरटेल से तीन गुना तेजी से जोड़ रहा नए ग्राहक
- जल्द बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा एफडब्लूए प्रदाता




एजेंसी

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो की जियोएयरफाइबर सेवा ने भारत में फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्लूए) के जरिए घरों को जोड़ने की रफ्तार को नया आयाम दिया है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, जियो ने दिसंबर 2024 में समाप्त तिमाही में 20 लाख नए घरों को जोड़ा, जो भारती एयरटेल की तुलना में तीन गुना अधिक हैं। जियो ने बताया कि उसके 45 लाख घर अब 5जी फिक्स्ड वायरलेस आधारित जियोएयरफाइबर से जुड़े हैं, जो इस तिमाही में कुल नए कनेक्शनों का 85% है। खास बात यह है कि इनमें से 70% ग्राहक देश के सबसे बड़े एक हजार शहरों से बाहर के हैं, जिससे यह साफ होता है कि छोटे शहरों और कस्बों में इस सेवा की जबरदस्त मांग है। जियो बना भारत का सबसे बड़ा होम ब्रॉडबैंड ऑपरेटर सीएलएसए रिसर्च के अनुसार, जियो के कुल 1.7 करोड़ घरेलू ग्राहक हो गए हैं, जो एयरटेल के 92 लाख ग्राहकों से 90% अधिक हैं। दोनों कंपनियों का भारत के होम ब्रॉडबैंड बाजार में लगभग 60% हिस्सा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जियो की 5जी स्टैंडअलोन तकनीक और संपूर्ण भारत में एफडब्लूए उपलब्धता ने इसे अन्य कंपनियों से आगे कर दिया है। दूसरी ओर, एयरटेल ने अपनी हालिया निवेशक कॉल में बताया था कि उसकी 5जी एनएसए (नॉन-स्टैंडअलोन) आधारित एफडब्लूए सेवा 2000 शहरों में उपलब्ध है। जियोएयरफाइबर जल्द बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा एफडब्लूए प्रदाता मोतिलाल ओसवाल की एक रिपोर्ट के अनुसार, बहुत ही कम समय में जियो ने अपनी एफडब्लूए सेवा जियोएयरफाइबर को 45 लाख घरों तक पहुंचा दिया है। और अगले कुछ तिमाहियों में यह दुनिया का सबसे बड़ा एफडब्लूए प्रदाता बन सकता है।

## होली पर 2000 करोड़ के कारोबार की उम्मीद

**नई दिल्ली।** होली को लेकर दिल्ली के बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी है, जहां गुलाल, रंग, पिचकारी, मिठाइयां और सजावटी सामान की बिक्री की दुकानों पर काफी भीड़ नजर आ रही है। 14 मार्च को राजधानी के 700 से अधिक बाजार पूरी तरह बंद रहेंगे। व्यापारियों का अनुमान है कि इस बार राजधानी में करीब 2000 करोड़ रुपए का कारोबार हो सकता है। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री के चेयरमैन के मुताबिक इस साल होली मिलन समारोहों की संख्या चार गुना तक बढ़ गई है, जिससे बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। दिल्ली में इस बार होली का जश्न बड़े स्तर पर मनाया जा रहा है, जहां 5000 से अधिक होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मार्केट एसोसिएशन्स, सामाजिक संस्थाएं और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन बड़े पैमाने पर आयोजन कर रही हैं, जिनमें गुलाल और फूलों की होली, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और शानदार खान-पान खास आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

# अभिनेत्री सनम पठान ने किया कपड़ों का ब्रांड लांच



एजेंसी

**मधुबनी।** अभिनेत्री सनम पठान ने अपना खुद का कपड़ों का ब्रांड सनम फैशन लॉन्च किया। मुंबई की मॉडल अभिनेत्री सनम पठान ने अपना खुद का कपड़ों का ब्रांड लॉन्च किया, इस कार्यक्रम में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए सनम के कपड़ों का ब्रांड लॉन्च किया गया। इस ब्रांड का नाम सनम फैशन है। सनम फैशन में आपको साड़ी, लहंगा, कुर्ता सेट, काफ्तान, पैंट सेट, ड्रेस, स्कर्ट सूट और गाउन समेत सऊदी अरब, दुबई और इंडियन स्टाइल के कपड़े मिलेंगे। बता दें कि सनम पठान एक मॉडल, एक्ट्रेस हैं और वह ब्यूटी पेजेंट, मिस अर्थ बेस्ट स्माइल की विजेता भी रह चुकी हैं। जिसमें दाई मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान, साहब फिल्म अभिनेता ऐजाज खान, राजनेता दिनेश सालवी, बिल्डर और डेवलपर कल्पेश मेहता, मार्केटिंग प्रमोटर नरेश चाहे और कई अन्य मेहमान शामिल हुए। सभी अतिथियों ने सनम पठान के इस कदम की सराहना की। दाई मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान साहब ने कहा कि सनम पठान महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं, हमारी दुआ है कि सनम पठान ऐसा ही करते रहें।

## प्रमुख तुअर उत्पादक राज्यों में तुअर की खरीद में तेजी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर तुअर (अरहर) की खरीद में तेजी आई है। 11 मार्च तक आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में कुल 1.31 एलएमटी तुअर (अरहर) की खरीद की गई है, जिससे इन राज्यों के 89,219 किसान लाभान्वित हुए हैं। अन्य राज्यों में भी तुअर (अरहर) की खरीद जल्द शुरू होगी। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार तुअर की खरीद नैफेड के ई-समृद्धि पोर्टल और एनसीसीएफ के संयुक्ति पोर्टल पर पूर्व-पंजीकृत किसानों से भी की जाती है। भारत सरकार केंद्रीय नोडल एजेंसियों अर्थात नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से किसानों से शत प्रतिशत तुअर की खरीद की व्यवस्था करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# डॉ यामिनी मल्होत्रा ने अमृता फडणवीस से पावरफुल वुमन आइकॉनिक फैशन दिवा अवार्ड प्राप्त कर महिलाओं को समर्पित किया



एजेंसी

**मुंबई।** डॉ. यामिनी मल्होत्रा, जो एक प्रसिद्ध और सम्मानित अभिनेत्री, दंत चिकित्सक और डिजिटल सामग्री निमार्ता हैं, उन्हें मिड-डे द्वारा प्रतिष्ठित 'पावरफुल वुमन आइकॉनिक फैशन दिवा अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यामिनी, जिन्होंने हमेशा अपने बहुमुखी काम और प्रतिभा से देश भर में असंख्य महिलाओं को प्रेरित किया है, ने एक प्रसिद्ध बैंकर, गायिका और सामाजिक कार्यकर्ता अमृता फडणवीस के हाथों से प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया, जो महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी भी हैं। यामिनी ने इस पुरस्कार को भारत की सभी महिलाओं की ताकत और लचीलेपन को स्वीकार करते हुए उन्हें समर्पित किया। उन्होंने विशेष रूप से कई जिम्मेदारियों वाली सभी एकल माताओं, निस्वार्थ रूप से अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाली गृहिणियों, ताकत और समर्थन के स्तंभ के रूप में खड़ी होने वाली बेटियों और सभी उद्यमियों, पेशेवरों और कामकाजी महिलाओं को समर्पित किया, जो निर्बाध रूप से कैरियर और परिवार के बीच सही संतुलन बनाते हैं। अपने विशेष और बहुत योग्य मिड-डे पावरफुल महिला 'आइकॉनिक फैशन दिवा' पुरस्कार के बारे में यामिनी कहती हैं, श्यह पुरस्कार केवल मेरे लिए नहीं है-यह हर उस महिला के लिए है जो सपने देखने की हिम्मत करती है, जो चुनौतियों से लड़ती है, और जो चमकती रहती है। आप शक्तिशाली हैं, आप अजेय हैं और आप इस राष्ट्र की रीढ़ हैं।

# टेक्नो के नए स्मार्टफोन्स अब फ्लिपकार्ट पर आकर्षक ऑफर्स के साथ उपलब्ध

**रांची।** बेहतरीन सिग्नल कनेक्टिविटी, एडवांस टेक्नोलॉजी और शानदार डिजाइन के लिए मशहूर एआई-ड्रिवन टेक ब्रांड, टेक्नो ने आज फ्लिपकार्ट पर अपने स्मार्टफोन्स की नई रेंज लॉन्च कर दी है। इस शानदार लाइनअप में टेक्नो स्पार्क 30सी 5जी, दमदार पोवा 6 नियो 5जी, फ्लैगशिप कैमन 30 5जी और वसेर्टाइल टेक्नो स्पार्क गो 1 शामिल हैं, जिन्हें मोबाइल अनुभव को नए स्तर पर ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। फ्लिपकार्ट पर टेक्नो के ये स्मार्टफोन्स बेजोड़ कीमतों पर मिलेंगे। इसके दमदार परफॉर्मेंस, एडवांस एआई-कैमरा टेक्नोलॉजी और लॉन्ग-लास्टिंग बैटरी का परफेक्ट कॉम्बिनेशन सीधे ग्राहकों तक पहुँचा रहा है। अब ग्राहक टेक्नो स्पार्क 30सी 5जी के साथ टेक्नो के लेटेस्ट इनोवेशन का अनुभव कर सकते हैं। यह स्मार्टफोन मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6300 प्रोसेसर की पॉवर के साथ आता है, जिसमें 6.67-इंच एचडी+ 120 हट्र्ज डिस्प्ले और 48 मेगा पिक्सेल का सोनी एआई कैमरा दिया गया है। ग्राहक फ्लिपकार्ट पर इसे शानदार डील के तहत प्राप्त कर सकते हैं। इसके 4 जीबी+64 जीबी वैरिएंट की कीमत 8,999 रुपए, 4 जीबी+128 जीबी वैरिएंट की कीमत 9,499 रुपए और 8 जीबी+128 जीबी वैरिएंट की कीमत 11,999 रुपए है।

# यामाहा पहली हाइब्रिड बाइक 2025 एफझेड-एस एफआई लांच

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में इंडिया यामाहा मोटर ने अपनी पहली हाइब्रिड बाइक 2025 एफझेड-एस एफआई लॉन्च कर दी है। बाइक के इंजन में भी कई अहम बदलाव किए गए हैं। इसमें 149 सीसी का सिंगल-सिलेंडर इंजन दिया गया है, जो अब ओबीडी-2बी नॉर्म्स के अनुरूप है। इसके अलावा, यामाहा ने इसमें स्मार्ट मोटर जनरेटर (एसएमजी) और स्टॉप एंड स्टार्ट सिस्टम (एसएसएस) जोड़ा है, जिससे बाइक की फ्यूल एफिशिएंसी बढ़ेगी और स्मूथ स्टार्टिंग का अनुभव मिलेगा। यह सिस्टम ट्रैफिक में स्टॉप के दौरान इंजन को ऑटोमैटिक बंद कर देता है और क्लच दबाते ही तुरंत स्टार्ट हो जाता है। बाइक के डिजाइन को भी अपडेट किया गया है। टैंक कवर को और शार्प बनाया गया है, जिससे यह अधिक स्पोर्टी और स्कल्प्टेड लुक देता है।



इसके अलावा, फ्रंट टर्न सिग्नल्स को एयर इंटेक एरिया में इंटीग्रेट किया गया है, जिससे एरोडायनामिक्स और एग्रेसिवनेस में सुधार हुआ है। हैंडलबार पोजिशन को भी एडजस्ट किया गया है, जिससे लंबी राइड्स के दौरान ज्यादा आराम मिलेगा। इसमें एयरप्लेन-स्टाइल फ्यूल कैप भी दिया गया है, जो रिफ्यूलिंग के दौरान अटैच्ड रहता है। नई यामाहा एफझेड-एस एफआई हाइब्रिड को दो कलर ऑप्शंस में लॉन्च किया गया है। बेहतर टेक्नोलॉजी और स्टाइलिश लुक्स के साथ, यह बाइक यंग राइडर्स के लिए शानदार विकल्प साबित हो सकती है। इस बाइक की एक्स-शोरूम कीमत 1,44,800 रुपये रखी गई है। नए मॉडल में एडवांस टेक्नोलॉजी, दमदार परफॉर्मेंस और बेहतर माइलेज देने वाले फीचर्स जोड़े गए हैं। इस बाइक में 4.2 इंच का फुल-कलर टीएफटी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जो वाय-कनेक्ट ऐप के जरिए स्मार्टफोन से कनेक्ट होता है। यह सिस्टम गूगल मैप्स से टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, रियल-टाइम डायरेक्शंस और इंटरसेक्शन डिटेल्स जैसी सुविधाएं देता है।

## प्रोत्साहन पाने वाली पहली कंपनी बनी ओला इलेक्ट्रिक

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ऑटो और ऑटो कंपोनेंट्स के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत प्रोत्साहन प्राप्त करने वाली भारत की पहली टू-व्हीलर ईवी मैन्यूफैक्चरर बन गई है। ओला इलेक्ट्रिक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि योजना के तहत उसे वित्त वर्ष 2023-24 के निर्धारित बिक्री मूल्य के लिए कुल 73.74 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड को भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय से पांच मार्च, 2025 की तारीख का स्वीकृति आदेश प्राप्त हुआ है।

# एयरटेल, बीएसएनएल को लगा झटका, वोडा आइडिया को भी बढ़त

- बिहार झारखंड में रिलायंस जियो फिर नंबर वन, जोड़े 03.20 लाख नये मोबाइल ग्राहक

BSNL Jio airtel vodafone

एजेंसी

**पटना/रांची।** ट्राई ने दिसंबर 2024 का कंज्यूमर मार्केट शेयर के आंकड़े जारी कर दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस जियो नए ग्राहकों को जोड़ने के मामले में टॉप पर है। भारती एयरटेल समेत पब्लिक सेक्टर के बीएसएनएल को अपने मौजूदा ग्राहकों को खोना पड़ा है। दिसंबर 2024 में बिहार टेल्कम सर्किल में रिलायंस जियो ने रिकार्ड 03.20 लाख नए ग्राहकों को जोड़ा है। नवंबर 2024 में जियो के पास 04 करोड़ 05 लाख 04 हजार 269 ग्राहक थे जो दिसंबर में बढ़कर 04 करोड़ 09 लाख 13 हजार 517 हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बिहार-झारखंड में बीते दिसंबर महीने में भारती एयरटेल को 12011 मौजूदा ग्राहकों को खोना पड़ा है। नवंबर 2024 में एयरटेल के पास 04 करोड़ 05 लाख 10 हजार 920 ग्राहक थे जो दिसंबर में घटकर 04 करोड़ 04 लाख 98 हजार 909 रह गए हैं। ट्राई रिपोर्ट के अनुसार बिहार टेल्कम सर्किल में वोडा-आइडिया को भी बीते दिसंबर महीने में 30648 नए ग्राहकों की बढ़त मिली है। नवंबर 2024 में वोडा-आइडिया के पास 74 लाख 54 हजार 845 ग्राहक थे जो दिसंबर में बढ़कर 74 लाख 85 हजार 493 हो गया है। दिसंबर 2024 की ट्राई रिपोर्ट बताती है कि पब्लिक सेक्टर की बीएसएनएल ने बिहार सर्किल में 10 हजार 808 मौजूदा ग्राहकों को खोया है। नवंबर 2024 में बीएसएनएल के पास 59 लाख 77 हजार 315 ग्राहक थे जो दिसंबर में घटकर 59 लाख 66 हजार 507 रह गए हैं।

## महंगा हुआ सोना, चांदी एक बार फिर 1 लाख के पार

**नई दिल्ली।** होलिका दहन के दिन आज घरेलू सरार्फा बाजार में आज तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 470 रुपये से लेकर 510 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इसी तरह चांदी का भाव भी आज 2,200 रुपये किलोग्राम तक मजबूत हुआ है। भाव में आए उछाल के कारण आज देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 87,990 रुपये से लेकर 88,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 80,660 रुपये से लेकर 80,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में तेजी आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में चांदी भी आज एक लाख का स्तर पार करके 1,00,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

# बड़ौदा बीएनपी परिबास म्यूचुअल फंड ने 100% से अधिक एयूएम वृद्धि का जश्न मनाया

Baroda BNP PARIBAS MUTUAL FUND

एजेंसी

**मुंबई।** भारत के तीसरे सबसे बड़े सरकारी बैंक और यूरोप के अग्रणी एसेट मैनेजर के संयुक्त उद्यम बड़ौदा बीएनपी परिबास म्यूचुअल फंड ने अपनी कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों (एयूएम) को तीन वर्षों में 21,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 49,000 करोड़ रुपये से अधिक कर लिया है। यह उपलब्धि निवेश क्षमताओं और पहुंच में महत्वपूर्ण विस्तार के माध्यम से हासिल किया गया है, जिससे भारत की म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में कंपनी की एक प्रमुख एसेट मैनेजमेंट कंपनी के रूप में स्थिति मजबूत हुई है। बीते तीन वर्षों में एयूएम में वृद्धि को मजबूत निवेश प्रदर्शन का समर्थन मिला है। इस सफलता का मुख्य कारण मानव संसाधन और प्रक्रियाओं में रणनीतिक निवेश रहा है। निवेश प्रबंधन टीम का आकार दोगुना हो चुका है। सुव्यवस्थित निवेश प्रक्रिया, मजबूत जोखिम नियंत्रण और पोर्टफोलियो मॉनिटरिंग की मदद से कंपनी ने निवेशकों के लिए वेल्थ क्रिएशन को संभव बनाया है। इस अवधि में बड़ौदा बीएनपी परिबास म्यूचुअल फंड ने अपनी प्रोडक्ट सुइट को 50% से अधिक बढ़ाया है, जिसमें सक्रिय और निष्क्रिय निवेश, इक्विटी, डेट (ऋण), हाइब्रिड, मल्टी-एसेट, थीमैटिक और सेक्टोरल फंड शामिल हैं, जो भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निवेश करते हैं। बड़ौदा बीएनपी परिबास एसेट मैनेजमेंट इंडिया प्रा.लि. (एएमसी) के सीईओ, सुरेश सोनी ने कहा, हम एक ऐसी संस्था हैं, जो सिर्फ 'इंडिया' ही नहीं, बल्कि 'भारत' के निवेशकों और भागीदारों की भी सेवा करने पर केंद्रित है।

# वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस, इंग्लैंड पुरस्कार समारोह का समापन

- 50 उत्कृष्ट व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित किया गया




एजेंसी

**इंदौर।** इंग्लैंड के विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त संगठन वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस ने मध्य प्रदेश के इंदौर मैरियट होटल में 'पुरस्कार समारोह 2025' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम उत्कृष्टता का उत्सव था, जिसमें समाज में असाधारण योगदान देने वाले विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह में पूरे भारत से नेताओं, नवप्रवर्तकों और परिवर्तन करने वालों की एक प्रतिष्ठित सभा ने भाग लिया। इस अवसर पर बॉलीवुड की मशहूर हस्तियां, विभिन्न उद्योगों की प्रभावशाली हस्तियां और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्यमित्र भार्गव (महापौर, इंदौर) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशाल कपूर (फिल्म निर्माता और बॉलीवुड फैशन आइकन) ने की। विशेष अतिथियों में कमल घिमिरे (भारतीय टीवी अभिनेता), अनिल जेठवानी (भारत सरकार), जूही भार्गव (उच्च न्यायालय, अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता), माला सिंह ठाकुर (सामाजिक कार्यकर्ता) और गजेंद्र नारंग (रियल एस्टेट विशेषज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता) शामिल थे। इस कार्यक्रम में इंग्लिश न्यूज की ओवरसीज पत्रिका (महिला विशेष संस्करण) का भी शुभारंभ हुआ, जो वैश्विक विकास और समाचारों के लिए समर्पित एक महत्वपूर्ण प्रकाशन है। इसके अतिरिक्त, भारत के विभिन्न हिस्सों से 50 उत्कृष्ट व्यक्तियों और संगठनों को उनके संबंधित क्षेत्रों में उनके असाधारण कार्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस समारोह का शानदार संचालन वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस के उपाध्यक्ष संजय पंजवानी ने किया, जिन्होंने कार्यक्रम की कार्यवाही का कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. डॉ. जितेंद्र तलरेजा ने किया, जिनके शब्दों ने शाम की भावना और वैश्विक उत्कृष्टता को पहचानने के महत्व को दर्शाया।

# वॉव मोमो ने भारत में धमाकेदार एंट्री करते हुए वॉव नूडल्स लांच




एजेंसी

**मुंबई।** देश के अग्रणी क्यूएसआर ब्रांड वॉव मोमो ने एफएमसीजी कप नूडल्स सेगमेंट में धमाकेदार एंट्री करते हुए वॉव नूडल्स लॉन्च किया है। यह अपने तरह की पहली देसी-एशियन फ्लेवर्स की रेंज है, जो इंस्टेंट नूडल्स के बाजार में क्रांति लाने के लिए तैयार है। प्रामाणिक और पौष्टिक फ्लेवर्स के इस अनोखे संयोजन को खासतौर पर आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो किसी भी समय और कहीं भी स्वादिष्ट और सुविधाजनक भोजन चाहते हैं। इस नयी रेंज में एशियाई और भारतीय फ्लेवर्स का एक रोमांचक मिश्रण शामिल है, जिसमें थुकपा, खाओ सूय, मंचूरियन, कोरियन नूडल्स और चाइनीज भेल जैसे विकल्प हैं। यह उत्पाद सिर्फ 5 मिनट में तैयार हो जाता है, जिससे उपभोक्ताओं को रेस्तरां-स्टाइल का स्वाद तुरंत उपलब्ध हो सके। वॉव मोमो फूड्स के ग्रुप सीईओ और फाउंडर सागर दरयानी ने इस लॉन्च पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, वॉव मोमो फूड्स में नवाचार हमारी पहचान है। वॉव नूडल्स के जरिए हम देसी और एशियाई फ्लेवर्स का एक अनूठा मिश्रण पेश कर रहे हैं, जो कप नूडल्स की कैटेगरी में बदलाव लाएगा। हमारा उद्देश्य इसे सुविधाजनक और रोमांचक बनाना है। एफएमसीजी सेगमेंट में हमारे बढ़ते दायरे के साथ, यह लॉन्च वॉव मोमो को क्यूएसआर से आगे बढ़ाकर हर घर में लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

खास खबर

## कुत्ते ने मालिक को मारी गोली

**वॉशिंगटन।** अक्सर इंसान दूसरे की गोली लगने से घायल होता है या फिर धोखे से उसे ही लग जाती है लेकिन कभी जानवर को इंसान को गोली मारते देखा या सुना है लेकिन अमेरिका में ऐसा हुआ है जहां एक शख्स पर कुत्ते ने गोली चला दी। पालतू कुत्ते का मालिक अपने डॉगी के ही पैर से चली गोली लगने से घायल हो गया। यह मामला हैरान करने वाला है और दुनिया भर में इसकी चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस का कहना है कि कुत्ते के मालिक बेड पर अपनी गर्लफ्रेंड के साथ था। इसी दौरान डॉगी बेड पर कूदा और उसका पैर पिस्तौल पर पड़ गया, जिससे गोली चल गई और गोली सीधे उसके मालिक की जांघ पर लगी जिसे वह खून से लथपथ हो गया। अमेरिका के मेमफिस के रहने वाले टेनेसे का अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

## चाकूबाजी में एक युवक की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सागरपुर में सरेआम कुछ युवकों के बीच हुई चाकूबाजी में एक नाबालिग की मौत हो गई और एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने घटना में शामिल तीन और युवकों की पहचान की है। मृतक की पहचान अजय (17) के रूप में हुई है जबकि 15 साल का लकी गंभीर रुप से घायल है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को पीसीआर पर कॉल मिली कि एक नाबालिग को चाकू मार दिया है और उसे पास के अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस टीम वहां पहुंची तो पता चला कि दो जख्मी युवकों को जनकपुरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि अजय की इलाज के दौरान मौत हो गई। लकी की हालत गंभीर है और उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक युवकों में आपसी बहस हुई थी जिसके बाद वे चाकू लेकर एक दूसरे पर हमलावर हो गए। सीसीटीवी में दिख रहा है कि कुछ युवक गली से दूसरे लड़कों को खींचकर सड़क पर ला रहे हैं। सड़क पर काफी आवाजाही के बीच चाकूबाजी शुरू हो गई। लोग इधर-उधर भागने लगे।

## सोनाझुरी हाट में होली के आयोजन पर रोक

**कोलकात ।** होली खुलकर खुशियां मनाने का त्यौहार है, लेकिन ममता सरकार ने बीरभूम जिले में स्थित शांतिनिकेतन में कार्यक्रम के आयोजन पर रोक लगा दी है। बंगाल सरकार ने सोनाझुरी हाट में होली के आयोजन पर यह कहकर रोक लगा दी है कि इससे वन क्षेत्र के ग्रीन बेल्ट को नुकसान होगा। सोनाझुरी हाट विश्व भारती के शांतिनिकेतन कैंपस में स्थित है, इस यूनेस्को से हेरिटेज साइट का दर्जा प्राप्त है। बोलापुर डिविजन के वन अधिकारी राहुल कुमार का कहना है कि इलाके में कई बैनर लगे हैं। इसमें लोगों से अपील की गई है कि वे बड़ी संख्या में यहां न जुटें। यहां वाहनों की पार्किंग न करें और होली भी न खेलें। अधिकारियों का कहना है कि होली का आयोजन बड़े पैमाने पर होने से हरित क्षेत्र को नुकसान की संभावना है। वन अधिकारी कुमार ने कहा, वन विभाग पुलिस और प्रशासन की मदद से लोगों की भीड़ को जुटने से रोकेगा।

# फर्जी हाई कमिश्नर नटवरलाल गिरफ्तार

▸ ओमान का हाई कमिश्नर बताकर हासिल कर रहा सरकारी प्रोटोकॉल व अन्य सुख सुविधा

एजेंसी

**गाजियाबाद।** थाना कौशांबी पुलिस ने गुरुवार को एक ऐसे नटवरलाल को गिरफ्तार किया है जो फर्जी तरीके से खुद को ओमान का हाई कमिश्नर बताकर सरकारी प्रोटोकॉल तथा अन्य सुख सुविधा हासिल कर रहा था। आरोपी चार विश्वविद्यालय का उप कुलपति रह चुका है और एक एनजीओ का सदस्य भी है। पुलिस ने उसके कब्जे से आईडी कार्ड, 42 विजिटिंग कार्ड, 01 लाल नीली बत्ती, 01 प्लेट नम्बर एच आर 26 सीएन 0088 व 01 नीले रंग की प्लेट नम्बर 88 सीडी 01 लगी हुई काले रंग की मर्सिडीज कार बरामद



बरामद की है। ओमान सरकार ने भी कहा कि इस नाम का कोई व्यक्ति हाई कमिश्नर नहीं है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार नटवरलाल का नाम नरेन्द्र सिंह राणा है जो मूल रूप से जनपद आगरा (उप्र) का निवासी है तथा वर्तमान में 13, नेशनल पार्क रोड, लाजपत नगर 4 थाना अमर कॉलोनी, दिल्ली में रहता है। आरोपी वर्ष 1982 झ 2015 तक आगरा यूनिवर्सिटी, आगरा में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत रहा तथा आगरा में उसका कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी नाम का एक कॉलेज तथा राजस्थान में एक रिर्जोट भी है। 2015 में आगरा में प्रोफेसर के पद से रिटायर होने के बाद वर्ष 2015 झ 2018 तक पर्यावरण मंत्रालय में अप्रेजल अथोरिटी में काम किया। वर्ष 2018 झ 2020 तक कुमांऊ यूनिवर्सिटी, नैनीताल (उत्तराखण्ड), वर्ष 2020 झ 2021 तक अल्मोड़ा रेजिडेन्सियल यूनिवर्सिटी (उत्तराखण्ड), वर्ष 2021 झ 2022 तक मेवाड़ यूनिवर्सिटी (राजस्थान) तथा वर्ष 2022 झ 2024 तक जयपुर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (जयपुर) में वाइस चांसलर के रूप में कार्यरत रहा। का सदस्य बना। इस एनजीओ का काम भारत का गल्फ देशों में व्यापार बढ़ाना है। बाद में वह एनजीओ का ओमान देश से व्यापार बढ़ाने के लिए ट्रेड कमिश्नर बन गया और इसी का फायदा उठाकर वह खुद को ओमान देश का हाई कमिश्नर बताकर फायदा उठाने लगा। आरोपी अपनी निजी गाड़ी एचआर26 सीएन 0088 का नम्बर प्लेट बदलकर डिप्लोमेट्स द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली नीली रंग की नम्बर प्लेट जिसका नम्बर 88 सीडी 01 लगाकर इस्तेमाल करने लगा।

## अमेरिका के मोस्ट वांटेड अपराधी को सीबीआई ने केरल से किया गिरफ्तार

एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने केरल पुलिस के साथ मिलकर अमेरिका के मोस्ट वांटेड अपराधी अलेक्सज बेसीकोव को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के मुताबिक बेसीकोव भारत से भागने की योजना बना रहा था। बेसीकोव और रूसी नागरिक अलेक्जेंडर मिरा सर्दा पर आरोप है कि उन्होंने क्रिप्टो करेंसी ऑपरेशन का इस्तेमाल करके मादक पदार्थों के तस्करों और आतंकवादी संगठनों की मदद की थी। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के मुताबिक कोर्ट दस्तावेजों के मुताबिक 2019 और 2025 के बीच अलेक्जेंडर और बेसीकोव ने गारांटेक्स नामक क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज का संचालन किया। अप्रैल 2019 से गारांटेक्स ने कम से कम 96 अरब डॉलर के क्रिप्टो करेंसी लेन-देन को प्रोसेस किया। अलेक्जेंडर गारांटेक्स के सह-संस्थापक और मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी थे। जबकि बेसीकोव मुख्य तकनीकी प्रशासक थे और गारांटेक्स के महत्वपूर्ण इन्फ्रास्ट्रक्चर को प्राप्त करने और बनाए रखने के लिए जिम्मेदार थे। वह लेन-देन की समीक्षा और अनुमोदन भी करते थे। सीबीआई ने कहा कि बेसीकोव पर आरोप है कि वह अन्य साजिशकर्ताओं के साथ मिलकर गारांटेक्स नामक क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज का संचालन कर रहे थे। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने कहा कि अलेक्जेंडर और बेसीकोव पर एकाउंटों के माध्यम से मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने का आरोप है, जिसके लिए उन्हें 20 साल की सजा हो सकती है। इसके अलावा बेसीकोव पर अंतरराष्ट्रीय आर्थिक आपातकालीन शक्तियों के उल्लंघन की साजिश और बिना लाइसेंस के मनी ट्रांसमिटिंग व्यवसाय संचालित करने का आरोप है।

# पाकिस्तान ट्रेन हाईजैक : रेस्क्यू ऑपरेशन में 33 बीएलए विद्रोही ढेर

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सेना ने बलूचिस्तान में हाईजैक की गई जाफर एक्सप्रेस का सफल रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा कर लिया है। सेना के मुताबिक, 24 घंटे चले इस ऑपरेशन में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के सभी 33 विद्रोहियों को मार गिराया गया और 122 बंधकों को सुरक्षित छुड़ा लिया गया। इससे पहले बीएलए ने 21 यात्रियों की हत्या कर दी थी, जिसमें 4 सैनिक भी शामिल थे।
जानकारी अनुसार जाफर एक्सप्रेस ट्रेन 440 यात्रियों को लेकर मंगलवार सुबह 9 बजे क्वेटा से पेशावर के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन जब बोलान दर्रे के माशफाक टनल में पहुंची, तो पहले से घात लगाए बीएलए के विद्रोही लड़ाकों ने उस



पर हमला कर टनल नंबर-8 को विस्फोट से उड़ा दिया। धमाके के कारण ट्रेन बेपटरी हो गई, इसके बाद उन्होंने ट्रेन पर रॉकेट लॉन्चर और बंदूकों से हमला किया और ट्रेन को हाईजैक कर लिया। सेना का कहना है कि बीएलए ने 21 यात्रियों की हत्या कर दी थी, जिनमें 4 पाकिस्तानी सैनिक भी शामिल थे। इसके बाद ही पाकिस्तानी सेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और 24 घंटे चले इस ऑपरेशन में पाकिस्तानी सेना ने 212 यात्रियों को छुड़ा लिया, जिसमें 122 बंधक शामिल थे। इस ऑपरेशन के दौरान बीएलए के 33 विद्रोही मारे गए। आतंकियों ने हमले के लिए मजीद ब्रिगेड और फतेह दस्ते को उतारा था। बीएलए ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उनका मकसद बलूच राजनीतिक कैदियों की रिहाई करवाना था। उन्होंने धमकी दी थी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे बंधकों की हत्या कर देंगे। कैसे हुआ सेना का जवाबी ऑपरेशन? पाकिस्तानी सेना ने इस चुनौतीपूर्ण स्थिति से निपटने के लिए एक विशेष ऑपरेशन शुरू किया, जिसमें सैकड़ों सैनिक, वायुसेना और विशेष बलों को तैनात किया गया। सेना ने आतंकियों को घेर लिया और उनके बचाव के रास्ते बंद कर दिए।कमांडोज ने आत्मघाती जैकेट पहने आतंकियों को सबसे पहले निशाना बनाया। सैनिकों ने ट्रेन के हर कोच की तलाशी लेकर बंधकों को सुरक्षित निकाला और सभी आतंकियों को मार गिराया।

## 24 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक सप्ताह तक चले अभियान में दक्षिण और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली से दो नाबालिगों समेत 24 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दक्षिण दिल्ली से 13 बांग्लादेशी नागरिकों और दक्षिण-पूर्वी दिल्ली से दो नाबालिगों समेत 11 अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान 6 मार्च को शुरू किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के निर्देश के कुछ दिनों बाद यह कार्रवाई की गई। संयुक्त पुलिस आयुक्त (दक्षिणी रेंज) ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों के पास बांग्लादेश सरकार द्वारा जारी राष्ट्रीय पहचान पत्र मिले हैं।

## सूडान में अर्धसैनिक बलों के हमले में 10 लोगों की मौत, 23 घायल

एजेंसी

**खार्तूम ।** सूडान में अर्धसैनिक बलों के हमले में 10 लोग मारे गए और 23 अन्य घायल हो गए। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने बताया कि राजधानी अल फशर में आवासीय इलाकों और एक आश्रय केंद्र पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने गोलाबारी की थी, इसमें 10 लोग मारे गए और 23 अन्य घायल हो गए। सूडानी सशस्त्र बलों की 6वीं इन्फैंट्री डिवीजन ने कहा, विद्रोही मिलिशिया ने अल फशर शहर के इलाकों और एक आश्रय केंद्र पर गोले दागे। बयान में बताया गया कि इस हमले में 3 साल की बच्ची सहित 10 नागरिकों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए, जिसमें से कुछ गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, अल फशर में हुए हमले के बारे में आरएसएफ की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। बता दें कि अल फशर पिछले साल 10 मई से सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच भीषण संघर्ष का केंद्र रहा है। संयुक्त राष्ट्र के क्राइसिस मॉनिटरिंग ग्रुप आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट लोकेशन एंड इवेंट डेटा के अनुसार, सूडान में अप्रैल 2023 के मध्य से सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच एक भयावह संघर्ष चल रहा है, जिसमें करीब 29,683 लोगों की जान जा चुकी है।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने आयात शुल्क की मांग को लेकर सीमा शुल्क विभाग से मांगा जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सकोडा ऑटो इंडिया से 1.4 अरब डॉलर यानी करीब 12 हजार करोड़ रुपए के आयात शुल्क की मांग को लेकर सीमा शुल्क विभाग से जवाब मांगा है। कोर्ट ने विभाग से यह कहा है कि इतने सालों बाद कंपनी से शुल्क क्यों मांगा जा रहा है, जबकि कंपनी का दावा है कि वह पहले ही शुल्क का भुगतान कर चुकी है। कंपनी ने अपनी याचिका में सीमा शुल्क विभाग के नोटिस को अवैध और मनमाना बताया है। विभाग ने सितंबर 2023 में जारी नोटिस में आरोप लगाया था कि सकोडा ऑटो इंडिया ने अपने आयात से संबंधित जानकारी गलत दी थी। विभाग के मुताबिक कंपनी ने अपने उत्पादों को अलग-अलग हिस्सों में आयात कर कम शुल्क अदा किया, जबकि एक इकाई के रूप में आयात करने पर ज्यादा शुल्क देना पड़ता है। कंपनी का कहना है कि वह पिछले एक दशक से भी ज्यादा समय से आयात शुल्क का भुगतान कर रही है और अब अचानक विभाग का नियम बदलना उचित नहीं है। बॉम्बे हाईकोर्ट की खंडपीठ जिसमें न्यायमूर्ति बीपी कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदोस पूनीवाला शामिल हैं ने कहा कि कोर्ट इस मामले में केवल समय सीमा के मुद्दे पर फैसला देगी।

## मां ने दो बेटियों के साथ की आत्महत्या

**नई दिल्ली ।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के बदरपुर स्थित मोलरबंद इलाके में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस को बुधवार शाम एक घर से दुर्गंध आने की सूचना मिली, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर तीनों के शव बरामद किए गए। शवों की स्थिति देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि मौतें चार-पांच दिन पहले हुई होंगी। मृतकों की पहचान 42 वर्षीय पूजा और उनकी दो बेटियों के रूप में हुई है। इसमें एक 18 साल की और दूसरी आठ साल की है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, जिसका संभावित कारण आर्थिक तंगी बताया जा रहा है।

# शेख हसीना जल्द ही बांग्लादेश की पीएम के रूप में करेंगी वापसी

अवामी लीग के उपाध्यक्ष का दावा, कहा- युवा पीढ़ी को गुमराह किया गया

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के करीबी और अमेरिका अवामी लीग के उपाध्यक्ष डॉ. रब्बी आलम ने दावा किया है कि शेख हसीना जल्द ही बांग्लादेश की पीएम के रूप में वापसी करेंगी। इसके साथ ही उन्होंने भारत सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी को शेख हसीना को सुरक्षित ठिकाना और यात्रा मार्ग प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। मीडिया रिपोर्ट के



मुताबिक डॉ. रब्बी आलम ने कहा कि शेख हसीना बांग्लादेश की प्रधानमंत्री के रूप में वापस करेंगी। युवा पीढ़ी ने गलती की है, लेकिन यह उनकी गलती नहीं है, उन्हें गुमराह किया गया है। उन्होंने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताते हुए इसे हमले के अधीन बताया और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की मांग की है। राजनीतिक विद्रोह ठीक है, लेकिन बांग्लादेश में ऐसा नहीं हो रहा है। यह एक आतंकवादी विद्रोह है। साथ ही उन्होंने अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस को पद छोड़ने और जहां से आए थे, वहीं वापस जाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि डॉ. यूनुस, आप बांग्लादेश के नहीं हैं। यह बांग्लादेश के लोगों के लिए संदेश है कि शेख हसीना पीएम के रूप में वापस आ रही हैं।
आलम ने भारत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे कई नेता भारत में शरण लिए हुए हैं, और हम भारत सरकार के आभारी हैं। मैं पीएम मोदी को भी हमारी पीएम शेख हसीना के लिए सुरक्षित यात्रा मार्ग प्रदान करने के लिए धन्यवाद देता हूं। हम भारत के लोगों के भी आभारी हैं। शेख हसीना को पिछले साल अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद सत्ता से बेदखल कर दिया गया था, जिसके बाद वह भारत में रह रही हैं। दूसरी ओर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हसीना की प्रत्यर्पण की मांग की है और उन पर मानवता के खिलाफ अपराधों सहित कई आरोप लगाए हैं। हालांकि, भारत ने अभी तक इस मांग का कोई जवाब नहीं दिया है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के शालिमार रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास

एजेंसी

**कोलकाता।** शालिमार रेलवे स्टेशन दक्षिण पूर्व रेलवे का एक प्रमुख रेलवे टर्मिनल है। यह भारत के विभिन्न हिस्सों से कोलकाता को जोड़ने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। शालिमार स्टेशन पहले एक माल टर्मिनल के रूप में विकसित हुआ था, जिसे बाद में यात्री स्टेशन के रूप में अपग्रेड किया गया। इसे हावड़ा जंक्शन में भीड़ कम करने के लिए एक विकल्प के रूप में शुरू किया गया था। समय के साथ, यह विशेष रूप से दक्षिण पूर्व रेलवे की ट्रेनों के लिए एक महत्वपूर्ण स्टेशन बन गया है। शालिमार स्टेशन मुख्य रूप से एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों को संचालित करता है, जो कोलकाता को मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद,




विशाखापत्तनम, उदयपुर, पुरी और भुवनेश्वर जैसे शहरों से जोड़ती हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे की सेवाओं के विस्तार के साथ, शालिमार एक महत्वपूर्ण यात्री टर्मिनल के रूप में उभर रहा है। वर्तमान में दक्षिण पूर्व रेलवे, शालिमार स्टेशन पर यात्री और ट्रेनों के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करने हेतु संरचनात्मक विकास पर कार्य कर रहा है। शालिमार स्टेशन और यार्ड का पुनर्विकास आवश्यक हो गया है, क्योंकि यहाँ से कई मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही हैं। यह स्टेशन दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्र के यात्री परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शालिमार रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के अंतर्गत नया स्टेशन भवन, परिसंचरण क्षेत्र का विकास, नए आईलैंड प्लेटफॉर्म का निर्माण, फुट ओवर ब्रिज, लिफ्ट, एस्केलेटर, रैंप, ट्रैवलेटर और अन्य विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं।

## स्टारलिंक का रेल मंत्री ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक का भारत में स्वागत किया है और कहा कि इससे दूरदराज के इलाकों में रेलवे परियोजनाओं को मदद मिलेगी। रेल मंत्री वैष्णव ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि स्टारलिंक, भारत में आपका स्वागत है। इससे दूरदराज के क्षेत्रों की रेलवे परियोजनाओं को मदद मिलेगी। वैष्णव सूचना एवं प्रसारण के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री भी हैं उनकी यह टिप्पणी उद्योगपति मुकेश अंबानी की जियो प्लेटफॉर्म्स और सुनील मित्तल की भारती एयरटेल के साथ दो अलग-अलग समझौते के बाद आई है।

## मॉरीशस में पीएम मोदी को देखने सड़कों पर लगा हुजूम

एजेंसी

**पोर्ट लुईस।** भारत में पीएम नरेंद्र मोदी मॉरीशस की दो दिवसीय यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों को दर्शाती है। पीएम मोदी ने बुधवार को मॉरीशस के गंगा तालाब के दर्शन किए। गंगा तालाब जाने के दौरान लोग सड़कों पर पीएम मोदी को देखने खड़े थे। लोग सड़क के दोनों ओर मॉरीशस और भारतीय झंडा लहरा रहे थे। कई लोगों ने इस पल को अपने फोन में कैद करते नजर आए। जब पीएम मोदी गंगा तालाब पहुंचे। पीएम मोदी ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान त्रिवेणी संगम से लाए गए पवित्र जल और पूजा-अर्चना की। मोदी ने वहां मौजूद लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। पीएम मोदी ने



बुधवार को एक्स पर पोस्ट में लिखा- मॉरीशस में पवित्र गंगा तालाब के दर्शन कर भावविभोर हो गया। इसकी पावन जलधारा के किनारे दोनों देशों के बीच के आध्यात्मिक संबंधों को महसूस किया जा सकता है। यह सीमाओं से परे है और हमारी कई पीढ़ियों को उनकी जड़ों से जोड़ता है। बता दें गंगा तालाब जिसे मॉरीशस में ग्रैंड बेसिन के नाम से जाना जाता है, एक क्रेटर झील है, जो समुद्र तल से करीब 550 मीटर ऊपर है। यह सावेन के पहाड़ी दक्षिण-पश्चिमी जिले में स्थित है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस स्थान की खोज 1897 के आसपास एक हिंदू पुजारी ने की थी। 1970 के दशक में, भारत से एक पुजारी गंगा से पवित्र जल लेकर आया और उसको झील में डाला था।

# अंतरिक्ष यात्रा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा ग्लोबल वार्मिंग

एजेंसी

**वॉशिंगटन ।** हमारे ग्रह पर मंडराते खतरे, जलवायु परिवर्तन के कारण, अब एक नए और भयावह रूप ले रहे हैं। नए अध्ययन ने चेतावनी दी है कि ग्लोबल वार्मिंग न केवल हमारे ग्रह को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि यह अंतरिक्ष में कक्षाओं को भी अस्थिर कर रही है, जिससे उपग्रहों और अंतरिक्ष यात्रा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। जैसे-जैसे कोयला, तेल और गैस का जलना जारी है, वैसे-वैसे हमारा वायुमंडल गर्म हो रहा है। विडंबना यह है कि यह गर्मी ऊपरी वायुमंडल में ठंडक पैदा करती है, जहां अंतरिक्ष शुरू होता है। यह शीतलन एक पतले वातावरण के लिए बनाता है, और



एक पतला वातावरण का अर्थ है घर्षण में कमी। घर्षण वह बल है जो स्वाभाविक रूप से अंतरिक्ष मलबे को धीमा कर देता है, जिससे वह पृथ्वी के वायुमंडल में वापस गिरकर जल जाता है। इस प्राकृतिक सफाई तंत्र के कमजोर होने से अंतरिक्ष मलबा अब हमारी कक्षा में जमा हो रहा है जिससे एक खतरनाक बाधा बन रही है।
शोधकताओं ने शोध में पाया है कि सदी के अंत तक निम्न पृथ्वी कक्षा में उपग्रहों के लिए उपलब्ध स्थान में भारी गिरावट आ सकती है। यह गिरावट 82 प्रतिशत तक की हो सकती है। अंतरिक्ष मलबे की यह भयावह भीड़ हमारे ग्रह के लिए एक गंभीर खतरा है। वर्तमान में लाखों मलबे के टुकड़े, निष्क्रिय उपग्रहों के टुकड़े, रॉकेट के हिस्से और अन्य मानव निर्मित मलबे पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हैं, जो अविश्वसनीय गति से यात्रा कर रहे हैं।
अंतरिक्ष में एक छोटी सी वस्तु भी विनाशकारी क्षति पहुंचा सकती है। कल्पना करें कि एक छोटा सा पेंट का टुकड़ा 17,500 मील प्रति घंटे की रफ्तार से किसी उपग्रह से टकराता है, तब इसका प्रभाव विनाशकारी होगा। साल 2009 में दो उपग्रहों की टक्कर हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप हजारों मलबे के टुकड़े अंतरिक्ष में बिखर गए थे। यह घटना अंतरिक्ष मलबे के बढ़ते खतरे और हमारे ग्रह के लिए इसके गंभीर परिणामों की एक गंभीर याद दिलाती है। अंतरिक्ष मलबे का हमारे उपग्रहों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है, जो हमारे दैनिक जीवन के लिए आवश्यक हैं। ये उपग्रह संचार, नेविगेशन, मौसम पूर्वानुमान और कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को शक्ति प्रदान करते हैं।
जानकारों की माने तब अंतरिक्ष मलबे का मुद्दा एक बढ़ता हुआ खतरा है जिसे तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। हमें इस खतरे को पहचानने और अंतरिक्ष के स्थायी उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। इसमें अंतरिक्ष मलबे को कम करने, मौजूदा मलबे को ट्रैक करने और इस बढ़ते हुए खतरे को कम करने के लिए नए तकनीकी समाधान विकसित करने के प्रयास शामिल हैं।

## देश की आत्मा कैंसर से ग्रस्त है और आरएसएस इसे फैला रहा: तुषार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पोते तुषार गांधी ने एक कार्यक्रम में आरएसएस यानी राष्ट्रीय स्वयं सेवक को कैंसर फैलाने वाला बताया। तुषार की इस टिप्पणी के बाद से ही संघ कार्यकर्ता उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इधर, तुषार गांधी भी अपने बयान पर अड़े हैं और संघ उनके बयान को वापस लेने और माफी मांगने की बात कर रहा है।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गांधीवादी गोपीनाथन नायर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में केरल के तिरुवनंतपुरम जिले के नेयट्टिनकारा में जमकर बवाल हुआ। उस दौरान तुषार के बयान को लेकर संघ के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम



नायर के आवास टीबी जंक्शन पर हो रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक तुषार गांधी ने कहा था कि देश की आत्मा कैंसर से ग्रस्त है और संघ परिवार इसे फैला रहा है। कार्यक्रम से लौटने के दौरान तुषार ने जय गांधी का नारा भी लगाया। इधर, संघ कार्यकताओं ने उनकी कार का रास्ता रोका और जमकर नारेबाजी की। इसके जवाब में तुषार भी लगातार गांधी अमर रहें जैसे नारे लगाते रहे। कांग्रेस ने भी संघ और बीजेपी के कार्यकताओं की निंदा की है।

## खास खबर

### होली के रंग में नजर आये आकाशदीप

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप होली के रंग में नजर आये हैं। सोशल मीडिया में आकाश दीप का एक बीडियो सामने आया है जिसमें वह होली के एक कार्यक्रम में नजर आ रहे हैं। इसमें आकाश दीप माइक पकड़कर गाना गाते दिख रहे हैं जबकि उनके चेहरे पर जमकर रंग लगा है। आकाश दीप के गाना गाते हुए देखकर लोग हैरान हैं। कई लोगों ने उनके इस अंदाज की जमकर प्रशंसा की है। वहीं कई ने उन्हें ट्रोल किया है। वीडियो में आकाश दीप पवन सिंह का बहुत पुराना गाना गा रहे हैं। इस गाने को सुनकर वहां मौजूद लोग आकाश दीप की वाह वाह कहकर तारीफ कर रहे है। एक प्रशंसक ने लिखा, आकाश भाई पर भांग का नशा चढ़ा हुआ है। आकाशदीप ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ रांची में टेस्ट डेब्यू किया था। इसके बाद से ही उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है।

### सैयद आबिद अली का अमेरिका में निधन

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर सैयद आबिद अली का निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। आबिद का निधन अमेरिका में हुआ। इस दिग्गज क्रिकेटर ने भारतीय टीम की ओर से 34 इंटरनेशनल मैच खेले थे। वह मूल रुप से हैदराबाद की ओर से खेलते थे। आबिद अली के निधन की खबर उत्तरी अमेरिका क्रिकेट लीग (एनएसीएल) ने साझा की। एनएसीएल ने अपनी पोस्ट में लिखा, भारतीय क्रिकेटर आबिद अली के निधन की खबर साझा कर रहे हैं वह आजकल कैलिफोर्निया के ट्रेसी में रह रहे थे उनकी उल्लेखनीय विरासत हमें उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करती है। गौरतलब है कि उत्तरी अमेरिका क्रिकेट लीग और उत्तरी कैलिफोर्निया क्रिकेट संघ (एनसीसीए) खाड़ी क्षेत्र में क्रिकेट के विकास में उनके अथक प्रयासों और योगदान के लिए उनका आभारी है है। आइए हम उन्हें अपनी प्रार्थनाओं में याद करें और उनकी उल्लेखनीय विरासत का जश्न मनाएं। क्रिकेट जगत ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि दी और उन्हें एक समर्पित गुरू, एक टीम खिलाड़ी और एक असाधारण इंसान के रूप में याद किया। पूर्व ऑलराउंडर मदन लाल ने लिखा, दुखद समाचार आबिद अली नहीं रहे। वह एक बेहतरीन टीम खिलाड़ी और अच्छे इंसान थे। परिवार के प्रति हार्दिक संवेदना। ओम शांति। पूर्व मुख्य राष्ट्रीय चयनकर्ता और विकेटकीपर एमएसके प्रसाद ने आबिद अली के आंध्र के कोच के दिनों को याद किया। प्रसाद ने अपने शोक संदेश में कहा, ह्यह्ययह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आबिद सर का निधन हो गया। वह काफी समय से अस्वस्थ थे। आंध्र के कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने हमें जीतने की कला सिखाई।

### चहल के साथ नजर आयी महविश

**मुम्बई।** हाल में क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ दिखीं आरजे महविश ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर कहा है कि उसे अपने काम के लिए जाना जाता है। इसलिए वह अपने पर गर्व करती है। इससे पहले वह चहल के साथ चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में बैठी नजर आ रही थी। ऐसे में यह दावा किया जाने लगा कि चहल, महविश को डेट कर रहे हैं। इसी को लेकर महविश ने एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा की है। इसमें महविश ने बताया कि उन्हें हाल ही में एक अवॉर्ड शो में बेस्ट मेगा इन्फ्लुएंसर के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने लिखा, छोटी महविश को आज इस महविश पर गर्व है और यही चीज सबसे ज्यादा मायने रखती है! आप बस अपना काम करते जाओ। न गलत करो, न गलत सुनो। ह्यअपने दम पर सब किया महविश ने पोस्ट में लिखा, ह्यब्रांड प्रमोशन के लिए 2000 रुपये लेने से लेकर फिल्म प्रोड्यूसर बनने तक मैंने सब देखा है। मेरा विश्वास करो, छोटे शहर से निकलकर, हमारे लिए तो मैकडॉनल्ड्स तक जाना बहुत बड़ी बात होती थी। मेट्रो सिटी घुमने का क्रेज होता था भाई।

## 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप

# झारखंड ने हरियाणा को 4-3 से हराया

एजेंसी

**पंचकूला।** 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में हॉकी झारखंड ने रोमांचक मुकाबले में गत विजेता हॉकी हरियाणा को 4-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। निर्धारित समय तक मैच 1-1 की बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट में झारखंड ने जीत दर्ज की। हॉकी झारखंड के लिए प्रमोदनी लकड़ा (44') ने गोल किया, जबकि हॉकी हरियाणा की कप्तान रानी (42') ने अपनी टीम के लिए गोल किया। मैच की शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। हॉकी हरियाणा ने शुरूआती मिनटों में गेंद पर




नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन हॉकी झारखंड ने भी कई अच्छे मौके बनाए। पहले क्वार्टर में झारखंड को एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे इसे गोल में तब्दील नहीं कर सके। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों को एक-एक पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन हाफ टाइम तक कोई भी टीम स्कोर करने में सफल नहीं रही। तीसरे क्वार्टर में मैच में रोमांच बढ़ा और दोनों टीमों ने गोल किए। 42वें मिनट में हॉकी हरियाणा को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे कप्तान रानी ने शानदार शॉट के जरिए गोल में बदल दिया। हालांकि, महज दो मिनट बाद हॉकी झारखंड ने जवाबी हमला किया और प्रमोदनी लकड़ा ने रक्षापंक्ति की गलती का फायदा उठाकर शानदार फील्ड गोल दाग दिया। अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमों ने विजयी गोल के लिए आक्रामक खेल दिखाया। 51वें मिनट में हरियाणा की रानी को डी के अंदर बेहतरीन मौका मिला, लेकिन उनका शॉट गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया। निर्धारित समय में कोई भी टीम विजयी गोल नहीं कर सकी, जिससे मुकाबला पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा। पेनल्टी शूटआउट में हॉकी झारखंड ने 4-3 से जीत दर्ज की। झारखंड की ओर से रजनी केरकेट्टा, निराली कुजूर, बिनिमा धन और कप्तान अलेबला रानी टोप्पो ने अपने प्रयासों को गोल में बदला। हरियाणा के लिए पिंकी, अन्नू और मनीषा ने शूटआउट में गोल किए, लेकिन झारखंड की गोलकीपर अंजलि भिंजिया ने दो अहम बचाव किए और अपनी टीम को चैंपियन बना दिया। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में हॉकी मिजोरम ने हॉकी महाराष्ट्र को 2-1 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

## बांग्लादेश के अनुभवी क्रिकेटर महमूदुल्लाह ने संन्यास लिया

एजेंसी

**ढ़ाका।** बांग्लादेश के अनुभवी क्रिकेटर महमूदुल्लाह ने एकदिवसीय क्रिकेट से भी संन्यास की घोषणा कर दी है। 39 साल के महमूदुल्लाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिये अपने संन्यास की बात कही। इस ऑलराउंडर ने साल 2021 में ही टेस्ट और साल 2024 में टी20 से संन्यास लिया था। अब उन्होंने सभी प्रारुपों को अलविदा कह दिया है। इस क्रिकेटर ने अपने 18 साल के करियर के दौरान कई अहम पारियां खेलीं। महमूदुल्लाह ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा, मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैं अपने सभी साथियों, कोचों और खासकर अपने प्रशंसकों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया है। मेरे माता-पिता, मेरे ससुराल वालों खासकर मेरे ससुर और सबसे महत्वपूर्ण मेरे भाई इमदाद उल्लाह को बहुत-बहुत धन्यवाद जो बचपन से ही



मेरे कोच और मेंटर के रूप में हमेशा मेरे साथ रहे हैं। वहीं अंत में मेरी पत्नी और बच्चों को धन्यवाद जिन्होंने हर कठिन समय में मेरा साथ दिया। मुझे पता है कि हर चीज का अंत बिल्कुल सही तरीके से नहीं होता लेकिन आप हां कहते हैं और आगे बढ़ते हैं। मेरी टीम और बांग्लादेश क्रिकेट को शुभकामनाएं। अपने 17 साल के करियर में 239 वनडे, 50 टेस्ट और 141 टी20 मैच खेलने वाले महमूदुल्लाह ने कहा, मेरे माता-पिता, मेरे ससुराल वालों खासकर मेरे ससुर और सबसे महत्वपूर्ण मेरे भाई इमदाद उल्लाह को बहुत-बहुत धन्यवाद जो बचपन से ही मेरे कोच और मेंटर के रूप में मेरे साथ रहे है!

## स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड विंटर गेम्सः भारत ने जीत 5 और पदक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में भारतीय एथलीटों ने अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए दूसरे दिन भी सफलता का परचम लहराया। बुधवार को दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीतकर भारत की कुल पदक संख्या अब 9 हो गई है। स्नोबोर्डिंग, जिसने पहले दिन भारत को चार पदक दिलाए थे, ने दूसरे दिन भी पदक तालिका में इजाफा किया। भारती (डिवीजन एफ25) ने नोविस स्लैलम फाइनल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हर्षिता ठाकुर (डिवीजन एफ26) ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। यह भारती




का टूनामेंट में दूसरा स्वर्ण पदक है जबकि हर्षिता ने पहले दिन रजत पदक जीता था। भारतीय दल ने अल्पाइन स्कीइंग में भी शानदार प्रदर्शन किया, जहां एक स्वर्ण और दो रजत पदक भारत की झोली में आए। नर्मला देवी (डिवीजन एफ 06) ने इंटरमीडिएट जायंट स्लैलम फाइनल में स्वर्ण पदक जीता, वहीं राधा देवी (डिवीजन एफ01) ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा, अभिषेक कुमार (डिवीजन ट 2) ने नोविस जायंट स्लैलम फाइनल में रजत पदक जीतकर भारत की पदक संख्या को और बढ़ाया। भारतीय स्नोबोर्डिंग टीम के मुख्य कोच अनूप कुमार शर्मा ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा, हम अपने एथलीटों के प्रदर्शन पर बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। हमने पहले ही 9 पदक जीत लिए हैं, जिनमें से 6 स्नोबोर्डिंग में आए हैं। हमारे खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हैं और इस पदक संख्या को ऐतिहासिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। ट्यूरिन, इटली में आयोजित हो रहे स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में 102 देशों के 1,500 से अधिक एथलीट भाग ले रहे हैं।

## अगले तीन महीने तक कोई सीरीज नहीं खेलेगी भारतीय टीम

एजेंसी

**मुम्बई।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने के बाद अब भारतीय टीम को अगले तीन माह तक कोई टूनामेंट नहीं खेलना है। ऐसे में अब भारतीय टीम को 3 महीने कोई टूनामेंट या सीरीज नहीं खेलनी है पर इस दौरान भी खिलाड़ियों को आराम नहीं मिलेगा। इसका कारण है कि अब उन्हें 22 मार्च से इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल खेलना है जिसका फाइनल 25 मई को खेला जाएगा। पिछली बार की तरह इस सीजन में भी आईपीएील में 10 टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों के बीच 65 दिनों में फाइनल समेत कुल 74 मुकाबले खेले जाएंगे। यह सभी मुकाबले देश में ही 13 स्थलों पर होंगे। ऐसे में



खिलाड़ियों को काफी यात्राएं भी करनी पड़ेंगी। इस प्राकर देखा जाये तो टीम का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और उसे आराम का बिलकुल भी अवसर नहीं मिलेगा। भारतीय टीम को अपनी अगली सीरीज 3 महीने बाद जून-जुलाई 2025 में खेलनी है। तब भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। जहां उसे बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा। वहीं दूसरा टेस्ट 20-24 जून, पहला टेस्ट, हेडिंग्ले, तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में 10-14 जुलाई जबकि चौथा टेस्ट, मैनचेस्टर में 23-27 जुलाई और पांचवां द ओवल में 31 जुलाई-4 अगस्त तक खेला जाएगा।

## पीसीबी को चैम्पियंस ट्रॉफी में करोड़ों खर्च करने के बाद भी नहीं हुआ फायदा

एजेंसी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के लिए आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन घाटे का सौदा रहा। उसने इसपर करोड़ों रुपय खर्च कर दिये पर टीम नॉकआउट में भी नहीं पहुंच पायी। पीसीबी को कितना घाटा हुआ। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसने तीन स्टेडियम को खेलने लायक बनाने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च कर दिये पर हालात फिर भी नहीं बदले। पाकिस्तान में 3 वेन्यू पर कुल 10 मैच हुए, जिसमें से 2 मैच बारिश की वजह से नहीं हुए। ये दो मैच रावलपिंडी स्टेडियम में खेले जाने थे। स्टेडियम में पानी सुखाने के लिए लगाया ड्रेनेज सिस्टम भी फेल रहा। यहां तक कि मैदान सुखाने वाले सुपर सॉपर की जगह वाइपर और स्पंज से पानी सुखाते




देखा गया। एक रिपोर्ट के अनुसार रावलपिंडी स्टेडियम को बनाने के लिए पीसीबी ने 1500 करोड़ रुपये रिलीज किये थे। इसमें फ्लड लाइट्स, मुख्य भवन, हॉस्पिटैलिटी बॉक्स और एलईडी डिजिटल स्क्रीन सहित कई अन्य सुविधाएं शामिल थीं। इस प्रकार देखा जाये तो एक स्टेडियम में सिर्फ एक मैच का कुल खर्च 1500 करोड़ रुपये से अधिक रहा। यही नहीं, पाकिस्तान ने हर स्टेडियम के उद्घाटन में भी ब्लॉकबस्टर शो किए थे और सिंगर से लेकर डांसर तक पर मोटी रकम खर्च की थी।

## रोहित के लिए लकी रहा है दुबई स्टेडियम

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के लिए दुबई इंटरनेशनल स्टेडिमय लाभदायक साबित हुआ है। उन्हें कप्तान के तौर पर यहां एशिया कप, आईपीएल और चैंपियंस ट्रॉफी में जीत मिली है। इन तोनो के ही फाइनल में वह बड़ी पारियां खेलने में सफल रहे हैं। वहीं दुबई में वह एक भी एकदिवसीय मैच नहीं हारे हैं। रोहित शर्मा ने साल 2018 में एशिया कप दुबई में ही जीता था, तब भारतीय टीम ने फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। इसके बाद साल 2020 में रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने यहां आईपीएल में अपना पांचवां खिताब जीता था। इसके बाद अब रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। इतना ही नहीं, इन तीनों टूनामेंट के फाइनल में रोहित शर्मा अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने में सफल रहे।

## झारखंड टीम ट्रॉफी लेकर पहुंची रांची, किया गया स्वागत

- सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैम्पियनशिप में जीत हासिल की

एजेंसी

**रांची।** 01 मार्च से 12 मार्च 2025 तक पंचकुला हरियाणा में आयोजित 15 बी हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2025 में हॉकी झारखंड की टीम फाइनल मैच में मेजबान हरियाणा को उसी की धरती में पराजित कर, झारखंड बिहार के इतिहास में पहली बार सीनियर नेशनल में विजेता बनकर एक नई कीर्तिमान स्थापित की। विजेता बनने के बाद आज झारखंड टीम ट्रॉफी लेकर हवाई मार्ग से रांची पहुंची। रांची पहुंचने के बाद एयर पोर्ट में सभी चैंपियन



बेटियो का हॉकी झारखंड और हॉकी प्रेमियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही हॉकी झारखंड के अध्यक्ष श्री भोलानाथ सिंह एवम अन्य पदाधिकारियों टीम के सभी खिलाड़ियों और कोच मैनेजर को माला पहनकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया और शानदार जीत के लिए बधाई दी गईं। इस मौके पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष श्री भोलानाथ सिंह, विजय शंकर सिंह, रजनीस कुमार, असुंता लकड़ा, असरित लकड़ा,जयंत केरकेट्टा, विधनाथ सिंह, प्रशांत मुखर्जी, रणधीर कुमार, पुष्प प्रधान,सहित एकलव्य हॉकी सेंटर, बरियातू हॉकी सेंटर के हॉकी खिलाड़ी उपस्थित थे। हॉकी झारखंड के द्वारा किसी टीम को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेकर पहली बार हवाई मार्ग से घर वापसी की सुविधा दी गई है। *पहली बार विजेता बनी सीनियर झारखंड महिला हॉकी टीम को झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी ने जीत की बधाई दी है और होली बाद विजेता टीम के सभी सदस्यो को विशेष कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान करने की बात कही है, जिसकी जानकारी उन्होंने हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह से फोन से बात कर बतलाई।

## पांच से छह आईसीसी ट्रॉफी जीतना चाहते हैं पांड्या

एजेंसी

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने कहा है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने से वह बेहद खुश हैं। पांड्या ने कहा कि अब उनका लक्ष्य अब अपनी मेजबानी में होने वाले टी20 विश्वकप को जीतना है। इसके साथ ही वह आने वाले समय में पांच से छह आईसीसी ट्रॉफी और जीतना चाहते हैं। पांड्या ने कहा कि इस बार की जीत इसलिए अहम रही क्योंकि इससे साल 2017 चैंपियंस ट्रॉफी में मिल हार से वह उबर गये। तब खिताबी मुकाबले में वह रविंद्र जडेजा के साथ बल्लेबाजी करते हुए रन




आउट हो गए थे। पांड्या ने कहा की जो काम तब पूरा नहीं हुआ था। वह अब पूरा हुआ है। हार्दिक ने यह भी बताया कि वह अपनी टीम को हर हाल में जीत दिलाना चाहते हैं। इससे कोई मतलब नहीं है कि वह कहां किस जगह उतरते हैं। चाहे गेंदबाजी हो या बल्लेबाजी वह अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चाहते हैं। इस ऑलराउंडर ने कहा, मेरी क्रिकेट यात्रा में सबसे अहम बात यह है कि मैं कैसे तय कर सकता हूं कि मेरी टीम जीत जाए और मेरे लिए हर बार जब मैं मैदान पर कदम रखता हूं तो यह बहुत संतोषजनक, बहुत शांत और प्रसन्न क्षण होता है, भले ही मैं अपनी टीम को जीत दिलाने में योगदान ना दे पाऊं, मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे खूबसूरत एहसास है। उन्होंने कहा, इस बार हर किसी ने एक ही समय में अपनी क्लास दिखाई और जो विश्वास उनमें है, वह असाधारण है। मुझे ऐसे मैच पसंद हैं जहां हर कोई अपना दिल लगाकर खेलता है। इससे टीम का आने वाले मुकाबलों के लिए मनोबल बढ़ा है।

## कोच गंभीर की नजरें अब इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज पर रहेंगी

एजेंसी

**मुम्बई।** चैम्पियंस ट्रॉफी में जीत के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर का लक्ष्य इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज जीतना रहेगा।। टेस्ट के बाद गंभीर के लिए दूसरी बड़ी चुनौती भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाला टी20 विश्व कप होगा, जहां सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भातरीय टीम अपना खिताब बचाने उतरेगी। आखिरी और तीसरी सबसे बड़ी चुनौती दक्षिण अफ्रीका में होने वाला 2027 का एकदिवसीय विश्व कप होगा। अगर गंभीर की कोचिंग को अलग-अलग प्रारूप में देखा जाए तो उन्होंने सूर्यकुमार की



कप्तानी में टी20 टीम के लिए उतरने वाले कोर खिलाड़ियों के समूह को पहले ही तैयार कर लिया है। इसी कारण रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा के संन्यास के बाद भी टी20 टीम में उनकी कमी महसूस नहीं हुई। हाल में भारतीय टी20 टीम ने जिस पकार का आक्रामक क्रिकेट खेला है। उसे दुनिया भर में पसंद किया जा रहा है। गंभीर ने अभिषेक शर्मा के रूप में एक पारी की शुरूआत के लिए आक्रामक खिलाड़ी को प्रमोट किया है। इसके अलावा मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी उन्होंने आगे बढ़ाया है। इसके अलावा टीम के पासा संजू सैमसन, ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल भी मौजूद रहेंगे। अर्शदीप सिंह के रूप में टीम के पासा पावरप्ले में विकेट लेने वाला एक बेहतरीन गेंदबाज है और हार्दिक पांड्या, नितीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे जैसे तीन तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं।

## पदक विजेता पुलिस खिलाड़ियों का डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बढ़ाया हौसला

- राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के झारखंड पुलिस में कार्यरत खिलाड़ियों को कैंप ,प्रतियोगिता में भागेदारी के लिए विशेष अनुमति प्रदान की जाएगी

एजेंसी

**रांची।** झारखंड राज्य के झारखंड पुलिस में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय पदक विजेता लॉन बॉल्स खिलाड़ियों ने आज पुलिस मुख्यालय, रांची में डीजीपी अनुराग गुप्ता (भापुसे) से शिष्टाचार मुलाकात की। श्री अनुराग गुप्ता ने पुलिस में कार्यरत खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया एवं राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर के झारखंड पुलिस में कार्यरत खिलाड़ियों को प्रशिक्षण कैंप , राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागेदारी हेतु विशेष अनुमति करने



की बात कही। ज्ञात हो 28 से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड में आयोजित 38वीं राष्ट्रीय खेल में लॉन बॉल महिला फोर्स में झारखंड पुलिस की लवली चौबे, कविता कुमारी, लॉन बॉल्स डबल्स में दिनेश कुमार,सुनील बहादुर ,लॉन बॉल पुरुष फोर्स में आलोक लकड़ा, दिनेश कुमार लॉन बॉल पुरुष सिंगल में सुनील बहादुर ने स्वर्ण पदक जीता था। वहीं लॉन बॉल महिला एकल में सरिता तिर्की लॉन बॉल पुरुष ट्रिपल में आलोक लकड़ा ने रजत पदक जीता था। इसके साथ साथ लॉन बॉल महिला डबल में लवली चौबे ,लॉन बॉल महिला ट्रिपल में सरिता तिर्की, कविता कुमारी ने कांस्य पदक जीता था। डॉ मधुकांत पाठक ने झारखण्ड पुलिस मे कार्यरत सभी विधाओं के खिलाड़ियों के राज्य प्रतियोगिता मे भागीदारी, प्रशिक्षण के लिए अनुमति पर चर्चा की ताकि ये खिलाडी राज्य के लिए पदक जीत सकें. उन्होंने राज्य पुलिस मे कार्यरत प्रशिक्षको के बेहतर प्रदर्शन के लिए उनके स्कील मे सुधार के लिए विशेष आयोजनों और अवसरो के ऊपर भी चर्चा की श्री गुप्ता ने इस पर अपनी सहमति व्यक्त करते हुये कहाँ की जो भी योग्य खिलाडी राज्य प्रतियोगिता मे भाग लेकर राज्य के लिए खेलना चाहेंगे उनके लिए इसका अवसर प्रदान किया जाएगा. उन्होंने कहाँ की पुलिस के खिलाड़ियों के राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भागीदारी के लिए हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहाँ की इस पर विस्तृत प्रस्ताव के साथ बैठक के आयोजन करने की आवश्यकता है। इस मौके पर पुलिस की कॉमनवेल्थ पदक विजेता लवली चौबे ,दिनेश कुमार, सुनील बहादुर,अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कविता कुमारी,आलोक लकड़ा, सरिता तिर्की तथा झारखंड ओलम्पिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक भी उपस्थित थे।



इटली में एफआईएस फ्रीस्टाइल स्कीइंग विश्वकप में भाग लेती हुई फ्रांस की पैरीन लैफोंट।

# क्या वीर पहाड़िया को डेट कर रही हैं मानुषी छिल्लर? अभिनेत्री ने बताया सच



मानुषी छिल्लर और वीर पहाड़िया के बीच कथित रोमांस की खबरें पिछले काफी समय से सुर्खियों में हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने आखिरकार इस पर सफाई दे दी है। पूर्व मिस वर्ल्ड ने डेटिंग की अटकलों को सिरे से नकारते हुए वीर को अपना अच्छा दोस्त बताया है और इससे ज्यादा कुछ नहीं। कई बार दोनों को साथ देखे जाने के बावजूद, मानुषी ने साफ तौर पर कहा कि उनके बीच कोई रोमांस नहीं है, बस एक मजबूत दोस्ती है।

## अफवाहों का किया खंडन

मानुषी छिल्लर ने वीर पहाड़िया के साथ बिताए गए समय के बारे में भी बात की। अभिनेत्री ने इंटरव्यू के दौरान अपने निजी जीवन के बारे में चल रही चर्चाओं के बारे में बात करते हुए कहा, मेरे निजी जीवन के बारे में लिखी गई बहुत सी बातें पूरी तरह से झूठी हैं और इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है।

## दोस्ती को गलत समझ लेते हैं लोग

अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर फैंस के बीच लगातार बनी रहने वाली चर्चा के बारे में बात करते हुए मानुषी ने बताया कि कैसे लोगों की धारणा अक्सर दोस्ती को गलत तरीके से पेश करती है। उन्होंने कहा, अगर मैं अपनी फीमेल फ्रेंड्स के साथ बहुत ज्यादा समय बिताती हूं तो क्या इसका मतलब यह है कि मुझे लड़कों में कोई दिलचस्पी नहीं है? और अगर मैं किसी मेल फ्रेंड्स के साथ घूमती हूं तो क्या इसका मतलब यह है कि हम डेटिंग कर रहे हैं?

## निजी जिंदगी को निजी रखना पसंद करती हैं मानुषी

हालांकि, उन्होंने इन अटकलों पर सहमति भी जताई। उन्होंने कहा कि उन्हें यह देखकर मजा आता है कि लोग अभी भी लोगों को यह स्वीकार करने में मुश्किलें आती हैं कि एक लड़का और लड़की सिर्फ दोस्त हो सकते हैं। मानुषी ने यह भी बताया कि वह अपनी निजी जिंदगी को निजी रखना पसंद करती हैं, लेकिन इसका नकारात्मक पक्ष यह है कि इससे झूठी कहानियों को फैलने का मौका मिलता है।

## वीर पहाड़िया को बताया अच्छा दोस्त

वीर पहाड़िया के साथ नाम जुड़ने की खबरों के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने हंसते हुए जवाब दिया, हे भगवान, बेचारा वीर। ऐसा नहीं हो सकता। नहीं, हम डेटिंग नहीं कर रहे हैं, बिल्कुल नहीं। वह एक अच्छे दोस्त हैं। वह इतने प्यारे थे कि उन्होंने मुझे एक शादी के दौरान कंपनी दी, जहां मैं किसी को नहीं जानती थी। बस इतना ही। उनके साथ मेरी सिर्फ यही बातचीत है।



# लव एंड वॉर के लिए कड़ी मेहनत कर रहे रणबीर



**अभिनेता रणबीर कपूर इन दिनों संजय लीला भंसाली की आगामी फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट और विक्की कौशल भी नजर आएंगे। फिल्म लव ट्रायंगल है, जिसकी वजह से लोग इस फिल्म को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हैं। रणबीर और आलिया की जोड़ी ब्रह्मास्त्र के बाद इस फिल्म में साथ नजर आने वाली है। वहीं, राजी के बाद आलिया और विक्की एक साथ दिखने वाले हैं।**

रिपोर्ट्स के मुताबिक रणबीर कपूर इस फिल्म के लिए काफी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हाल ही में उनके ट्रेनर ने सोशल मीडिया पर रणबीर की एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह फ्रंट लिवर पुल-अप करते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में रणबीर बिना शर्ट के अपने सिक्स पैक्स और मसल्स को दिखाते नजर आ रहे हैं। उनकी यह तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। फैंस इस फोटो पर ढेर सारे हार्ट और फायर इमोजी साझा कर अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, अद्भुत तो दूसरे ने कमेंट करते हुए लिखा, तबाही।

## इफ्फी में रणबीर ने की थी भंसाली की जमकर तारीफ

कुछ महीने पहले रणबीर ने गोवा में आयोजित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (इफ्फी) के दौरान लव एंड वॉर और संजय लीला भंसाली के साथ फिर से काम करने को लेकर अपने उत्साह का इजहार किया था। रणबीर ने कहा था, मैं बहुत उत्साहित हूं। वह मेरे गॉडफादर हैं। जो कुछ भी मुझे फिल्मों के बारे में पता है, जो कुछ भी मैं अभिनय के बारे में जानता हूं, वह सब कुछ मैंने उनसे ही सीखा है। उन्होंने आगे कहा, वह बिल्कुल नहीं बदले हैं। वह बेहद मेहनती हैं और हमेशा अपने फिल्मों के बारे में ही सोचते रहते हैं। वह सिर्फ अपने किरदार के बारे में बात करना चाहते हैं और चाहते हैं कि आप कुछ नया करें।

# लापता लेडीज के लिए आईफा अवॉर्ड मिलने पर प्रतिभा ने जताई खुशी

किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज की झोली में कई सारे आईफा अवॉर्ड्स आए हैं। एक अवॉर्ड प्रतिभा रांटा को भी मिला है। उन्हें बेस्ट डेब्यू (फीमेल) के लिए आईफा मिला। इस पर प्रतिभा ने खुशी जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर एक नोट लिखा है। प्रतिभा का कहना है कि उनके लिए यह एक सपना सच होने जैसा है। प्रतिभा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। साझा की गई तस्वीरों में वे अपनी आईफा ट्रॉफी को चूमती नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने लिखा है, किसी ऐसी चीज के लिए स्वीकृति पाना एक खूबसूरत एहसास है, जिसे आप सचमुच प्यार करते हैं। मुझे बेस्ट डेब्यू फीमेल अवॉर्ड से सम्मानित करने के लिए आईफा का शुक्रिया। यह सचमुच एक सपने के सच होने जैसा है।



# फिर साथ आएगी 'तनु वेड्स मनु' की जोड़ी, कंगना ने खत्म की माधवन के साथ अपकमिंग फिल्म की शूटिंग

फिल्म 'तनु वेड्स मनु' की सुपरहिट जोड़ी कंगना रनौत और आर माधवन एक बार फिर एक साथ आ रहे हैं। दोनों की नई फिल्म की शूटिंग भी पूरी हो गई है। जिसकी जानकारी अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करके दी है। हालांकि, फिल्म के टाइटल का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। इस अनटाइटल्ड फिल्म की शूटिंग के खत्म होने के बाद कंगना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में कंगना भीगी नजर आ रही हैं और उनके साथ निर्देशक विजय और बाकी के सदस्य पोज दे रहे हैं। तस्वीर में कंगना काफी खुश नजर आ रही हैं। फोटो शेयर करते हुए कंगना ने लिखा, मेरे कुछ पसंदीदा कलाकारों के साथ आज अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग पूरी की। मिलते हैं सिनेमाघरों में।

### कंगना ने 2023 में की थी फिल्म की घोषणा

कंगना 2015 में आई हिट फिल्म 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' के लगभग एक दशक के बाद अभिनेता आर माधवन के साथ नजर आएंगी। एएल विजय द्वारा निर्देशित इस पैन इंडिया मनोवैज्ञानिक थ्रिलर की घोषणा कंगना रनौत ने साल 2023 में की थी।

### 10 साल बाद साथ में नजर आएंगे कंगना-माधवन

कंगना रनौत और आर माधवन इससे पहले 2011 में आई 'तनु वेड्स मनु' और 2015 में आई 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' में एक साथ नजर आए थे। इसके बाद दोनों किसी भी फिल्म में साथ में नजर नहीं आए। हालांकि, दोनों आपस में अच्छी बॉन्डिंग शेयर करते हैं।



# 100 करोड़ रुपये के भारी बजट में बन रही तुम्बाड 2



तुम्बाड अपनी मूल रिलीज के छह साल बाद बॉक्स ऑफिस पर पैसे कमाने वाली फिल्म साबित हुई। प्रशंसकों की मांग पूरी हुई और सोहम शाह ने लोक कथाओं पर आधारित सुपरनैचुरल थ्रिलर के सीक्वल की घोषणा की। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है। सोहम शाह हाल ही में क्रेजी में नजर आए हैं, लेकिन फिल्म कुछ खास कमाल नहीं कर पा रही है। वहीं, इस बीच अब सोहम ने अपनी ध्यान तुम्बाड के सीक्वल पर लगा दिया है।

## फिल्म का बजट

तुम्बाड का सीक्वल 100 करोड़ रुपये के बजट पर बना है। तुम्बाड की दूसरी किस्त फिल्म के थिएटर में फिर से रिलीज होने के बाद आई है। दिलचस्प बात यह है कि मूल फिल्म तुम्बाड ने बजट में रहने के लिए कड़ी मेहनत की और जब यह निर्माण में थी, तब इसे वितरक भी नहीं मिले तो सोहम शाह को खुद फिल्म में पैसे लगाने पड़े। हालांकि, अब कुछ स्टूडियो ने 100 करोड़ रुपये का बजट होने के बावजूद, सीक्वल के लिए रुचि दिखाई है।

## फिल्म की शूटिंग

तुम्बाड सीक्वल की शूटिंग 2025 में ही शुरू हो जाएगी। इसकी शूटिंग गर्मियों के अंत में शुरू होने की संभावना है। तुम्बाड 2 की कहानी पक्की हो गई है। फिल्म के लिए प्री-प्रोडक्शन का काम भी शुरू हो गया है, जिससे संकेत मिलते हैं कि तुम्बाड 2 जल्द ही फ्लोर पर आ जाएगी। हालांकि, इस बीच फिल्म के सीक्वल को लेकर कुछ विवाद की खबरें भी सामने आई थीं।

## फिल्म के सीक्वल पर विवाद

तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल बर्वे और सोहम शाह ने तुम्बाड को लेकर विपरीत बयान दिए हैं। अभिनेता का दावा है कि तुम्बाड की कभी भी सीक्वल के रूप में कल्पना नहीं की गई थी और इसे एक स्टैंडअलोन फिल्म माना जाता था। वहीं, निर्देशक राही अनिल बर्वे का एक अलग विचार था। उन्होंने कहा था कि तुम्बाड हमेशा एक ट्राइलॉजी का पहला भाग था और जब उन्होंने ट्राइलॉजी की कहानियों को लिखा था।

# सलमान से लेकर शाहरुख तक, फीस के मामले में सबसे आगे हैं ये बॉलीवुड सितारे



**बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में कुछ अभिनेता अभिनय के अलावा अपनी फीस की वजह से भी चर्चा में रहते हैं। हाल ही में सलमान खान को लेकर ये बात सामने आई थी कि उन्होंने सिकंदर के लिए 120 करोड़ की फीस ली है। सलमान की फीस पर लगातार हो रही चर्चा के बीच आज हम आपको बॉलीवुड के उन प्रमुख सितारों के बारे में बताएंगे जो अपनी फीस के मामले में सबसे आगे हैं।**

## सलमान खान


सलमान खान का नाम बॉलीवुड के सबसे बड़े सितारों में शुमार है। उनकी फीस भी किसी से कम नहीं है। सलमान खान प्रति फिल्म 100 करोड़ रुपये से लेकर 150 करोड़ रुपये तक की फीस लेते हैं। 2023 में रिलीज हुई टाइगर 3 में सलमान ने शानदार अदाकारी दिखाई। इसके लिए उन्हें 100 करोड़ रुपये से अधिक की फीस मिली। सलमान की फिल्मों का दर्शकों को हमेशा बेसब्री से इंतजार रहता है। इन दिनों वह सिकंदर के लिए ली गई फीस की वजह से भी चर्चा में हैं।

## शाहरुख खान



बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की बात करें तो वह उन सितारों में शुमार हैं, जिनकी फीस की काफी चर्चा होती है। किंग खान की हर फिल्म के लिए फीस का आंकड़ा 150 करोड़ रुपये से लेकर 250 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। 2023 में शाहरुख खान ने धमाकेदार वापसी की थी। उन्होंने लगातार तीन हिट फिल्में पठान, जवान, और डंकी दीं। इन तीनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की और शाहरुख की स्टार पावर को और भी मजबूत किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जवान के लिए शाहरुख ने लगभग 100 करोड़ रुपये की फीस ली थी।

## आमिर खान



आमिर खान अपने किरदारों की गहरी तैयारी और हर फिल्म में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए जाने जाते हैं। वह बॉलीवुड के सबसे महंगे अभिनेताओं में से एक हैं। आमिर खान की फीस 100 करोड़ रुपये से लेकर 275 करोड़ रुपये तक होती है। 2017 में दंगल के लिए उन्होंने 275 करोड़ रुपये कमाए थे। उनकी ये कमाई प्रॉफिट-शेयरिंग एग्रीमेंट के तहत हुई थी।

## अक्षय कुमार



अक्षय कुमार का नाम बॉलीवुड के सबसे मेहनती और सबसे व्यस्त अभिनेता के रूप में लिया जाता है। वह हर साल कई फिल्मों में काम करते हैं। उनकी फीस भी काफी ज्यादा होती है। अक्षय कुमार की फीस प्रति फिल्म 60 करोड़ रुपये से लेकर 145 करोड़ रुपये तक हो सकती है।






















**होली के रंग :-** नोएडा में विभिन्न स्थानों पर होली खेलते सांसद डॉ. महेश शर्मा, जिलाधिकारी मनीष वर्मा तथा उनकी धर्मपत्नी, राष्ट्रीय कवि कुमार विश्वास, एनबीपी न्यूज की वाइस प्रेसीडेंट व एंकर चित्रा त्रिपाठी, फोनरवा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा सेक्टर-11 धवलगिरि एपार्टमेंट आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष अशोक मिश्रा, उप्र राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष विमला बाथम, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष व दर्जा प्राप्त मंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, भाजपा महामंत्री डिम्पल आनंद, एनईए के अध्यक्ष विपिन मल्हन तथा सेक्टर-100 में स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसायटी निवासी होली खेलते हुए।